रोहतक
सोमवार, 25 मार्च 2024
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा वर्ष : 28, अंक : 58
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 29.0
न्यून. 16.5

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




## शुभकामनाएं

रंगों के त्योहार होली के अवसर पर सुधी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, अभिकर्ताओं व वितरक बंधुओं समेत सभी शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं। इस अवसर पर 25 मार्च सोमवार को हरिभूमि कार्यालय में अवकाश रहेगा। आगामी अंक 27 मार्च बुधवार को आपके हाथों में होगा। – संपादक

## अंदर के पन्नों पर

- कांग्रेस ने मेवात को पिछड़ा बनाया : नायब सैनी पेज-2
- इंडिया गठबंधन एकजुट, 272 सीटें जीतेंगे पेज-7
- राजनाथ ने लेह में जवानों के साथ मनाई होली पेज-8


## खबर संक्षेप

### चंद्रयान-3 की लैंडिंग साइट शिव शक्ति पॉइंट को मिली हरी झंडी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 अगस्त 2023 को चंद्रयान-3 की लैंडिंग साइट को 'शिव शक्ति' पॉइंट नाम दिया था। अब सात महीने बाद इंटरनेशनल एस्ट्रोनॉमिकल यूनियन (आईएयू) ने नाम को मंजूरी दे दी है। चंद्रयान-3 को श्रीहरिकोटा से 14 जुलाई को लॉन्च किया गया था। विक्रम लैंडर ने 23 अगस्त को शाम 6 बजकर 4 मिनट पर चंद्रमा पर लैंडिंग की थी। *एजेंसी*

### 3.25 करोड़ का ड्रग्स जब्त, 12 गिरफ्तार



**मुंबई।** मुंबई पुलिस के मादक पदार्थ रोधी प्रकोष्ठ ने पिछले एक महीने में 16 किलोग्राम नशीले पदार्थ जब्त किए है। इसकी अनुमानित कीमत 3.25 करोड़ रुपए है। इस संबंध में 12 तस्करों को गिरफ्तार किया है। सहार गांव, नालासोपारा, सांताक्रूज, कुर्ला, भायखला और अन्य इलाकों से लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अलग-अलग मात्रा में मेफेड्रोन, हेरोइन और गांजा समेत नशीले पदार्थ जब्त किए गए हैं। *एजेंसी*

### साल का पहला चंद्रग्रहण आज, भारत में नहीं दिखेगा

**नई दिल्ली।** 2024 का पहला चंद्र ग्रहण 25 मार्च को होगा। भारतीय समय के मुताबिक, यह सुबह 10:24 बजे शुरू होगा और दोपहर 3:01 बजे तक चलेगा। इसका चरम यानी पीक टाइम दोपहर 12:43 होगा। भारत में यह दिखाई नहीं देगा। नॉर्थ और साउथ अमेरिका में लोग इसे देख सकेंगे। इसके अलावा आयरलैंड, बेल्जियम, स्पेन, इंग्लैंड, साउथ नॉर्वे, इटली, पुर्तगाल, रूस, जर्मनी, जापान, स्विटजरलैंड, नीदरलैंड्स में भी यह नजर आएगा। *एजेंसी*

## भाजपा ने 5वीं सूची जारी की, 111 नामों का ऐलान, हरियाणा की बची चार सीटों की भी घोषणा

# नवीन जिंदल कुरुक्षेत्र, रणजीत चौटाला हिसार, अरविंद शर्मा रोहतक और मोहनलाल बड़ोली सोनीपत से चुनाव मैदान में

- *सोनीपत से मौजूदा सांसद रमेश कौशिक का टिकट कटा*
- *रविवार को ही नवीन जिंदल ने भाजपा का दामन थामा और कुरुक्षेत्र से बने उम्मीदवार*
- *राई से विधायक बडोली पर खेला बड़ा दांव, सोनीपत से टिकट दिया*
- *हरियाणा सरकार में मंत्री रणजीत ने भी रविवार को भाजपा ज्वाइन की और हिसार से उम्मीदवार बने*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक/नई दिल्ली

भाजपा ने लोकसभा प्रत्याशियों की पांचवी लिस्ट रविवार शाम जारी कर दी। इस सूची में 111 प्रत्याशियों की घोषणा की गई। काफी मंथन करने के बाद भाजपा ने हरियाणा की 10 में से बचे चार प्रत्याशियों के नामों पर भी मुहर लगा दी। नवीन जिंदल को कुरुक्षेत्र से मैदान में उतारा रणजीत चौटाला को हिसार, अरविंद शर्मा को रोहतक और मोहनलाल बड़ोली को सोनीपत लोकसभा से उम्मीदवार बनाया गया है। दिलचस्प रहा कि रविवार को ही नवीन जिंदल और रणजीत चौटाला ने भाजपा का दामन थामा और इसी दिन उम्मीदवार भी बनाए गए। इससे पहले छह लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा की गई थी। इनमें करनाल से पूर्व सीएम मनोहर लाल, अंबाला से बंतो कटारिया, गुरुग्राम से राव इंद्रजीत, भिवानी-महेंद्रगढ़ से धर्मबीर सिंह, सिरसा से अशोक तंवर, फरीदाबाद से कृष्ण पाल गुर्जर को प्रत्याशी बनाया गया था।





### रोहतक से फिर अरविंद, इस बार भी कड़ा मुकाबला



रोहतक के टिकट को लेकर हो रही देरी पर सभी की इस सीट पर नजर थी। यहां मुकाबला पिछली बार की तरह इस बार भी दिलचस्प होने वाला है। कांग्रेस की ओर से संभावित प्रत्याशी दीपेंद्र सिंह हुड्डा इस सीट पर चुनाव लड़ सकते हैं।

### बड़ोली राई से भाजपा विधायक, 1989 से संघ से जुड़े



मोहनलाल बड़ोली वर्ष 2019 के हरियाणा विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के टिकट से राई से विधायक बनें। उन्होंने 1995 में मंडल अध्यक्ष (मुरथल) का पद संभाला। वह पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार के दौरान जिला परिषद में चुने गए थे। चुनाव जीतने वाले पहले बीजेपी उम्मीदवार हैं। मोहन लाल बड़ौली 1989 से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े हुए हैं। मोहन लाल का जन्म 1963 में हरियाणा के सोनीपत जिले की राई तहसील के बड़ौली गांव में हुआ था। उनके पिता, कली राम कौशिक, अपने गांव में एक प्रतिष्ठित कवि थे।

### नवीन दो बार कांग्रेस से सांसद बने रणजीत रानिया से निर्दलीय विधायक

**चंडीगढ़।** रनिया से निर्दलीय विधायक एवं हरियाणा सरकार में बिजली एवं जेल मंत्री रणजीत सिंह रविवार देर शाम भाजपा में शामिल हो गए। करीब 8:00 बजे वह अचानक अपने परिवार सहित भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा चुनाव हेतु बनाए गए एफ ब्लॉक स्थित कार्यालय में पहुंचे जहां पूर्व चेयरमैन एवं भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय परिषद के सदस्य जगदीश चोपड़ा व पार्टी जिला अध्यक्ष निताशा सिहाग की मौजूदगी में पार्टी का दामन थामा। इस अवसर पर पार्टी जिला अध्यक्ष ने उन्हें प्राथमिक सदस्यता की रसीद देते हुए पार्टी का पटका पहनाया। इससे पहले कांग्रेस के पूर्व सांसद नवीन जिंदल ने भी रविवार शाम कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। इसके कुछ ही देर में वह दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में पार्टी के जनरल सेक्रेटरी विनोद तावड़े की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हो गए। इसके तुरंत बाद नवीन जिंदल के टिकट मिल गया। नवीन जिंदल हरियाणा की कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से 2 बार कांग्रेस के सांसद रह चुके हैं। वह पहली बार 2004 में कुरुक्षेत्र सीट से चुनाव जीते थे। 2009 में वह लगातार दूसरी बार कुरुक्षेत्र से चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचे। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने उन्हें तीसरी बार कुरुक्षेत्र सीट से टिकट दिया लेकिन नरेंद्र मोदी की लहर के दौरान वह भाजपा के राजकुमार सैनी के सामने चुनाव हार गए।

## केजरीवाल ने ईडी की हिरासत में रहते हुए दिया पहला आदेश

- जल संबंधी समस्याओं को दूर करने के लिए कहा
- आतिशी बोलीं, निर्देशों से मेरी आंखों के आंसू आ गए
- 28 तक ईडी की हिरासत में हैं केजरीवाल

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में रहकर सरकार चलाने के दौरान अपना पहला निर्देश देते हुए जल मंत्री आतिशी को शहर के कुछ इलाकों में पानी एवं सीवर से संबंधित समस्याओं को हल करने के लिए कहा। आतिशी ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि शनिवार देर रात मिले इन निर्देशों से उनकी आंखों में आंसू आ गए जिनमें केजरीवाल ने अपनी परेशानी के बावजूद दिल्ली के लोगों के लिए चिंता दिखाई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में केजरीवाल को उनके आधिकारिक आवास से गिरफ्तार कर लिया था। एक अदालत ने शुक्रवार को 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक को 28 मार्च तक के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया था।

### चार्जिंग में लगा मोबाइल फटा, चार बच्चों की मौत

**मेरठ।** मेरठ में मोदीपुरम की जनता कॉलोनी में किराए के मकान में रह रहे मजदूर के घर में शॉर्ट सर्किट से मोबाइल में धमाका हो गया और कमरे में आग लग गई। कमरे में मौजूद चार बच्चे बुरी तरह झुलस गए। बच्चों को बचाने पहुंचे दंपती भी झुलस गए। पुलिस ने सभी को पहले निजी अस्पताल और बाद में मेडिकल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान चारों बच्चों की मौत हो गई है। अभी दंपती की हालत गंभीर बनी हुई है। 24 घंटे में चारों बच्चे दुनिया को छोड़कर चले गए। बच्चों की मां को गंभीर हालत में दिल्ली के एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि पिता की हालत गंभीर बनी हुई है। वह मेडिकल में भर्ती है। मुजफ्फरनगर जिले के सिखेड़ा निवासी जॉनी (41) मजदूरी करता है। पत्नी बबीता (37) व चार बच्चों सारिका (10), निहारिका (8), गोलू (6) और कल्लू (5) के साथ मोदीपुरम की जनता कॉलोनी में एक मकान में किराए पर रहता है।

## एएसआई ने किया भोजशाला में तीसरे दिन भी नौ घंटे सर्वे

*एक ब्लॉक में करीब 6 घंटे तक की खुदाई*

**धार (एजेंसी)।** भोजशाला में एएसआई सर्वे का रविवार को तीसरे दिन रहा। रविवार को 9 घंटे टीम अंदर रही। एक ब्लॉक को करीब 6 फीट तक खोदा गया। खुदाई करने के लिए 23 मजदूरों की मदद ली गई। शेष तीन ब्लॉक में 2 से 3 फीट तक मिट्टी हटा दी गई। मप्र हाईकोर्ट की इंदौर बेंच के आदेश पर भोजशाला में वैज्ञानिक सर्वे किया जा रहा है। आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया दिल्ली और भोपाल के अफसरों की टीम रविवार सुबह 8 बजे भोजशाला परिसर पहुंची। हिंदू पक्ष के गोपाल शर्मा व आशीष गोयल और मुस्लिम पक्ष के अब्दुल समद खान भी सर्वे टीम के साथ रहे। समद ने सर्वे पर आपत्ति जताते हुए उसे रद करने की मांग की है।

**हिंदू-मुस्लिम पक्षकार भी रहे मौजूद, मप्र हाईकोर्ट की इंदौर बेंच के आदेश पर भोजशाला में किया जा रहा वैज्ञानिक सर्वे**

### टीम एक समय में एक जगह पर ही सर्वे करे

सदर कमेटी धार के अब्दुल समद खान का कहना है कि 2003 के बाद जो भी चीजें की गई हैं, उनको सर्वे में शामिल न किया जाए। जो चीजें दिख रही हैं, उसे दर्ज करें न कि यहां कुछ और देखें, रिपोर्ट में कुछ और दर्ज करें। हम सर्वे के खिलाफ नहीं हैं। हम जो नया सर्वे करने की कोशिश की जा रही नई चीजें जो अंदर दाखिल की जा रही हैं, हमारी उस पर आपत्ति है। हमारा एक और आपत्ति है, यहां इन्होंने 3 टीम बनाई हैं।

**असम सीएम ने मुसलमानों के लिए शर्तें तय कीं**

## भारत में मान्यता चाहिए तो बच्चों को मदरसों में न भेजें



बाल विवाह-बहुविवाह जैसी प्रथाओं को छोड़ना होगा

**गुवाहाटी (भाषा)।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा है कि अगर बंगाली भाषी प्रवासी मुसलमानों के लिए गाइडलाइन तय की है। उन्होंने कहा- अगर उन्हें राज्य के खिलोनजिया में बसने की मान्यता चाहिए तो उन्हें बाल विवाह और बहुविवाह जैसी प्रथाओं को छोड़ना होगा। इतना ही नहीं, उन्होंने कहा कि इन लोगों को बच्चों को मदरसों की जगह स्कूल भेजना होगा ताकि वे डॉक्टर-इंजीनियर बनें। हिमंता ने कहा कि मिया (बंगाली भाषी मुस्लिम) स्वदेशी हैं या नहीं, यह एक अलग मामला है। अगर वे स्वदेशी होना चाहते हैं, तो हमें कोई समस्या नहीं है, लेकिन इसके लिए उन्हें बाल विवाह और बहुविवाह को छोड़ना होगा।

## किसी भी भाषा में 'एक आतंकवादी आतंकवादी ही होता है' : जयशंकर



सिंगापुर में विदेश मंत्री जयशंकर ने चीन पर साधा निशाना

**सिंगापुर (भाषा)।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने परोक्ष तौर पर चीन पर निशाना साधते हुए रविवार को कहा कि किसी भी भाषा में ''एक आतंकवादी, आतंकवादी ही होता है'' और अलग-अलग व्याख्या के आधार पर आतंकवाद का बचाव करने नहीं दिया जाना चाहिए। जयशंकर ने यह टिप्पणी सिंगापुर में भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ बातचीत के दौरान की। जब उनसे पूछा गया कि भारतीय अधिकारी अपने वैश्विक समकक्षों के साथ संवेदनशील और भाषाई रूप से भिन्न विषयों पर कैसे संवाद करते हैं, इसपर विदेश मंत्री ने कहा कि कूटनीति में, विभिन्न देश कभी-कभी अपनी संस्कृति, परंपराओं और कभी-कभी अपनी भाषा या अवधारणाओं को चर्चा में लाते हैं। उन्होंने कहा कि यह भी स्वाभाविक है कि अलग-अलग दृष्टिकोण होंगे। कूटनीति का मतलब इसे सुलझाने और किसी तरह की सहमति पर पहुंचने का रास्ता ढूंढना है। जयशंकर ने कहा कि हालांकि कुछ मुद्दे होते हैं जब स्पष्टता होती है और कोई भ्रम नहीं होता है। उन्होंने कहा, ''आप इसे किसी भी भाषा में ले सकते हैं, लेकिन आतंकवादी किसी भी भाषा में आतंकवादी ही होता है। उन्होंने परोक्ष तौर पर चीन की ओर इशारा करते हुए कहा, ''आतंकवाद जैसी किसी चीज का केवल इसलिए कभी भी बचाव नहीं करने दें क्योंकि वे एक अलग भाषा का उपयोग कर रहे हैं।




## देशभर में पर्व की धूम, अयोध्या में रामलला की पहली होली

## भस्म आरती में महाकाल के साथ खेली फूलों की होली

*महाकाल का भांग, सूखे मेवों, चंदन, आभूषण और फूलों से राजा स्वरूप में श्रृंगार किया गया*

**उज्जैन (एजेंसी)।** देश भर में होली पर्व की धूम है। ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर के आंगन से भस्म आरती में महाकाल के साथ फूलों की होली खेली गई। उनका भांग, सूखे मेवों, चंदन, आभूषण और फूलों से राजा स्वरूप में श्रृंगार किया गया। पंडे- पुजारियों ने गर्भगृह में मौजूद श्रद्धालुओं पर भी पुष्प वर्षा भी की। शाम 6.30 बजे मंदिर परिसर में ओंकारेश्वर मंदिर के सामने होलिका दहन किया गया। इसके पहले नैवेद्य कक्ष मेंभगवान को हर्बल गुलाल अर्पित किया गया। कोटितीर्थ कुंड परिसर में कोटेश्वर महादेव को रंग



लगाया गया। गर्भगृह में हर्बल गुलाल और अबीर अर्पित किए गए। 25 मार्च को देश भर में धुलेंडी की धूम रहेगी। सुबह 4 बजे भस्म आरती में सबसे पहले महाकाल को रंग-गुलाल लगाया जाएगा। 26 मार्च से महाकाल की प्रतिदिन होने वाली आरती का समय भी बदल जाएगा।



### भद्रा का महाकाल पर कोई असर नहीं

इस बार होलिका दहन की रात को भद्रा काल लगने के कारण होलिका दहन के समय को लेकर असमंजस की स्थिति बनी रही, लेकिन कालों के काल महाकाल के मंदिर में भद्रा के साए का असर नहीं हुआ। होलिका का दहन अपने समय अनुसार हुआ। महाकाल मंदिर के पुजारी महेश शर्मा बताते हैं कि महाकाल वे हैं, जिन पर दिन, रात, ग्रहण, काल, भद्रा, नक्षत्र, शुभ, अशुभ का असर नहीं होता है। भगवान महाकाल के मंदिर में हर त्योहार इसी तरह मनाया जाता है।

## आज 'बिरज' में होरी रे रसिया...



एजेंसी ▶▶ मथुरा

मथुरा, वृंदावन और बरसाना की होली दुनिया भर में प्रसिद्ध है, जहां भगवान कृष्ण और राधा सखियों और गोपियों के साथ रंग खेलते थे। यहां होली के आयोजनों की शुरुआत 17 मार्च से हो चुकी है। तय कार्यक्रम के अनुसार 24 मार्च रविवार को चतुर्वेदी समाज का डोला, होलिका दहन का आयोजन हुआ। मथुरा में गांव फालैन में होली खेली गई।



## खबर संक्षेप

### थार सवार ने मासूम को कुचला, मौत

**गुरुग्राम।** मानेसर एरिया में मां का हाथ पकड़कर चल रहे ढ़ाई साल के बच्चे को थार ने कुचल दिया। हादसे में बच्चे की मौत हो गई। महिला अपने बच्चे के साथ होली की खरीददारी करने के बाद घर की ओर लौट रही थी। पुलिस ने महिला की शिकायत पर थार चालक पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में बिहार के पटना निवासी पूजा ने कहाकि वह अपने परिवार के साथ मौहम्मदपुर में किराए पर रहती है। शनिवार की दोपहर करीब तीन बजे वह अपने बेटे ढ़ाई साल के शिवांस के साथ होली का सामान खरीदने गई थी। जब वह वापिस घर की ओर आ रही थी तो शिवांस उसका हाथ पकड़कर चल रहा था। इसी दौरान नरसिंहपुर की ओर से एक तेज रफ्तार थार ने उसके बेटे में टक्कर मार दी। लोगों ने थार को रुकवाया और घायल बच्चे को अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### नौकरी दिलवाने के नाम पर धोखधड़ी, केस दर्ज

**गुरुग्राम।** साइबर मानेसर एरिया में कंपनी में जॉब दिलाने के नाम पर युवक से ठगी करने का मामला सामने आया है। युवक की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है।पुलिस को दी शिकायत में कार्तिक चंद्र ने कहा कि वह बावल की एक कंपनी में काम करता है। वह किसी काम से धारुहेड़ा रेवाड़ी जा रहा था। इसी दौरान उसने हीरो कंपनी मानेसर के बाहर नौकरी का वज्ञिापन देखा। वहां दिए गए नंबर पर कार्तिक चंद्र ने फोन किया तो फोन पर उसे हीरो कंपनी में ही अच्छी नौकरी दिलाने की बात कही गई। इसके बदले में कार्तिक से 5 हजार 600 रुपए यूपीआई के तहत लिए गए। रुपए देने के बाद कार्तिक ने उसे फोन किया तो उसने कार्तिक का फोन उठाना ही बंद कर दिया। पुलिस मामले में छानबीन कर रही।

### पेमेंट का फेक स्क्रीन शॉट भेज लगाई चपत

**गुरुग्राम।** साइबर वेस्ट पालम विहार एरिया में जालसाज ने पेमेंट का फेक स्क्रीन शॉट भेजकर दुकानदार को हजारों की चपत लगा दी। पेमेंट का स्क्रीन शॉट भेजने के बाद दुकानदार ने सामान डिलिवर कर दिया था। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में गुडग़ांव के पटेल नगर में रहने वाले सुदेश कुमार मीणा ने कहा कि उसका पार्टी सामान का स्टोर है। वे ऑनलाइन आर्डर लेते हैं। उसकी इंस्टाग्राम आईडी पर बीती सांय करीब सवा छह बजे एक आर्डर आया। जिसमें सगुन कार्ड में फ्लावर व केस देने की बात कही गई थी। आर्डर देने वाले अपना पता व पेमेंट का स्क्रीन शॉट उसे भेज दिया। जिसके बाद सुदेश कुमार ने उनका आर्डर डिलिवर करा दिया। दूसरे दिन पता चल की पैसे अकाउंट में नहीं आए।

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने तावडू में विजय संकल्प रैली को संबोधित किया

# कांग्रेस ने मेवात को पिछड़ा बनाया, भाजपा ने विकास कराकर पिछड़े होने का लेबल हटाया


हरिभूमि न्यूज ▶▶ मेवात

तावडू में विजय संकल्प रैली में बोलते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि जिस मेवात पर पहले की सरकारों ने पिछड़ा होने का लेबल लगा दिया था, भाजपा सरकार में आज वही मेवात का इलाका तेजी से विकास कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्षी सरकारों की अनदेखी के कारण मेवात पिछड़ा जिला बन गया था, लेकिन भाजपा की डबल इंजन सरकार ने पिछड़े जिलों पर विशेष ध्यान दिया और इन जिलों में अभूतपूर्व विकास कार्य करवाए। तावडू की अनाज मंडी में स्थानीय विधायक एवं नव नियुक्त मंत्री संजय सिंह द्वारा आयोजित विजय संकल्प रैली में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी को भी घेरा। मुख्यमंत्री ने कहा कि नौकरियों में कांग्रेस की गलत नीतियों का खामियाजा हरियाणा के युवाओं ने भुगता है और कट्टर ईमानदारी का चौला पहनने वाले अब जेल में बंद हैं। मुख्यमंत्री ने उपस्थित जनसमूह से 25 मई को कमल के फूल का बटन दबाकर स्थानीय लोकसभा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह को एतिहासिक जीत के साथ संसद भेजने का आह्वान किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएं दी और किसानों को उनकी फसल का एक-एक दाना खरीदने का भरोसा दिया। मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार तावडू पहुंचे नायब सिंह का मंच पर पहुंचते ही बड़ी फूलमाला के साथ जोरदार स्वागत किया गया। वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री संजय सिंह ने मुख्यमंत्री नायब सैनी को गदा भेंट की। मंच पर महाराज धर्मदेव, संगठनमंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, विधायक दीपक मंगला, सत्यप्रकाश जरावता, चौ. जाकिर हुसैन, प्रदेश सचिव गार्गी कक्कड़, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष उषा प्रियदर्शी, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जान मोहम्मद, जिला प्रभारी संदीप जोशी, जिलाध्यक्ष कमल यादव, नरेंद्र पटेल, जीएल शर्मा, गोपीचंद गहलौत, मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा मौजूद रहे।

■ किसानों की फसल का एक-एक दाना खरीदा जाएगा



नूंह। विजय संकल्प रैली में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को गदा भेंट करते कार्यकर्ता।



नूंह। विजय संकल्प रैली में उमड़े शहरवासी।

#### डबल इंजन की सरकार ने भ्रष्टाचार रोका

रैली को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर गर्व है। दस सालों में भारत ने विकास की एक नई छलांग लगाई है और दुनिया में मोदी के नेतृत्व में देश का सम्मान बढ़ा है। देश के विकास के लिए 25 मई को हमें कमल का बटन दबाकर विकास की गति को और तेज करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस शासन काल में भ्रष्टाचार चरम पर था, खुद कांग्रेस पार्टी के प्रधानमंत्री ने भी कहा था कि एक रुपया केंद्र से भेजते हैं तो जनता तक 15 पैसे पहुंचते हैं और 85 पैसे जो विकास पर खर्च होने थे वे भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाते थे। जबकि मोदी सरकार में पूरे पैसे पात्र व्यक्ति तक पहुंच रहे हैं। भाजपा की डबल इंजन की सरकार गरीब लोगों की चिंता करने वाली सरकार है। भाजपा ने लोगों की सुविधाओं का ध्यान रखा है। सैनी ने कहा कि भ्रष्टाचार को अगर किसी ने रोका है तो भाजपा की डबल इंजन सरकार ने रोका है।

#### नौकरियों को लेकर कांग्रेस पर कसा तंज

नायब सैनी ने कहा कि मोदी सरकार ने गरीब लोगों को आयुष्मान कार्ड के जरिए 5 लाख रुपये तक का इलाज कराने की गारंटी दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 से पहले महिलाओं को दूर-दूर से सिर पर ढोकर पानी लाना पड़ता था। मोदी सरकार ने अलग मंत्रालय का गठन कर योजनाबद्ध तरीके हर घर नल से स्वच्छ जल पहुंचाने का काम किया है। महिलाओं का जीवन सरल बनें, इसके लिए बहुत काम किए हैं। पूर्व सीएम हुड्डा को घेरते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने तंज कसते हुए कहा कि जनता अच्छी तरह से जानती है कि कांग्रेस के समय में कितनी नौकरियां मिली है और किस- किस तरीके से मिली है। सैनी ने कहा कि कांग्रेस ने 10 सालों में 68 हजार नौकरियां दी थी, लेकिन वे भी गलत नीति के कारण अटक गई जिसका खामियाजा युवाओं एवं उनके परिवार पर पड़ा। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि सरकार ने बिना पर्ची और बिना खर्ची के 1 लाख 32 हजार युवाओं को नौकरी दी है। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने साढ़े नौ साल तक पारदर्शी सरकार दी।

### वोटर को अपने मत की गोपनीयता बनाए रखना अनिवार्य

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा कि लोकतंत्र के पर्व में हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर अपना योगदान अवश्य करें। इसके लिए प्रत्येक मतदाता यह सुनिश्चित कर लें कि उनका नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज हो।जिस मतदाता का नाम मतदाता सूची में है, केवल वही मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकता है।यदि किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में है, लेकिन उसके पास मतदाता पहचान पत्र (एपिक) नहीं है तो वह निर्वाचन आयोग द्वारा निर्दिष्ट 11 वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर अपना वोट डाल सकता है। प्रत्येक वोटर को मतदान केंद्र में अपने मत की गोपनीयता बनाए रखना अनिवार्य है और ये उसकी नैतिक जिम्मेवारी भी है।

■ मतदाता पहचान पत्र के अलावा 11 वैकल्पिक दस्तावेजों का उपयोग करके भी मतदान कर सकेंगे

**यह भी जरूरी :** अग्रवाल ने बताया कि यदि मतदाता के पास पुराना एपिक कार्ड है तो भी वह वोट डाल सकता है, बशर्ते कि उसका नाम उस क्षेत्र की मतदाता सूची में होना चाहिए। यदि किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में नहीं है तथा वह वोट डालने के लिए मतदान केंद्र पर अपना आधार कार्ड या वोटर कार्ड या अन्य कोई पहचान पत्र दिखाता है तो उसे वोट डालने नहीं दिया जाएगा।

## देश के 128 खिलाड़ियों की भागीदारी के साथ कबड्डी में बनाया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

**पंचकूला।** विश्व कबड्डी दिवस के अवसर पर रविवार को देश ने 128 खिलाड़ियों की भागीदारी के साथ गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाकर एक नया इतिहास रचा। खेल के क्षेत्र में यह नया अध्याय पंचकूला के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में लिखा गया। इस अवसर पर राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने का प्रयास सुबह 11 बजे गिनीज टीम के निर्णायकों की उपस्थिति में आरंभ हुआ और तीन घंटे के लगातार खेल के बाद, दोपहर दो बजे 128 खिलाड़ियों की भागीदारी के साथ पूरा हुआ। गिनीज निर्णायक, स्वप्निल डांगरीकर ने इसकी घोषणा की। विश्व कबड्डी दिवस समारोह का लक्ष्य इस वर्ष एक अनोखा आयोजन करना था, जिसके तहत कबड्डी प्रदर्शनी मैच में सर्वाधिक खिलाड़ियों के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने का प्रयास किया गया। गिनीज ने रिकॉर्ड तोड़ने के लिए 84 खिलाड़ियों के लिए बेंचमार्क निर्धारित किया था, जबकि आयोजकों ने 154 खिलाड़ियों के साथ नया रिकॉर्ड बनाने की चुनौती दी थी। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय को गिनीज टीम द्वारा गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। इसके उपरांत राज्यपाल खिलाड़ियों को सराहा।




पंचकूला। प्रमाणपत्र देते राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय।

#### खिलाड़ियों ने ऐसे तोड़ा विश्व रिकॉर्ड



ताऊ देवीलाल स्टेडियम में उत्साह से भरी टीम अर्जुन और टीम अभिमन्यु ने संयुक्त रूप से इस विश्व रिकॉर्ड को तोड़ा। गिनीज रिकॉर्ड प्रयास के तकनीकी नियम गिनीज टीम और विश्व कबड्डी के सदस्यों द्वारा मिलकर तैयार किए गए। मैच की समयावधि और एक मानक मैच में अनुमत प्रतिस्थापनों की संख्या से संबंधित नियमों को छोड़कर अधिकांश नियम मानकीकृत हैं, जिनका दुनिया भर में पालन किया जाता है।

## गलत आर्थिक नीतियों के कारण रुपया लगातार गिर रहा : सैलजा



**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, उत्तराखंड की प्रभारी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण डॉलर के मुकाबले रुपया लगातार अपने न्यूनतम स्तर पर चल रहा है। कुमारी सैलजा ने कहा कि यह देश के लिए कितने शर्म की बात है कि केंद्र सरकार के लचर वित्तीय प्रबंधन व गलत आर्थिक नीतियों के कारण एक डॉलर अब 83.61 रुपये के बराबर हो चुका है। देश के इतिहास में यह गिरावट आज तक की सबसे बड़ी है। लगातार गिर रहे रुपये को संभालने के लिए केंद्र सरकार के पास न तो नीति है और न ही किसी तरह की नीयत है। यही कारण है कि 2014 में भाजपा की सरकार बनने के बाद से लगातार ही रुपया कमजोर हो रहा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अगर यह सब इसी तरह चलता रहा तो तो वह दिन दूर नहीं, जब रुपया और अधिक लुढ़कते हुए 84 का आंकड़ा भी पार कर लेगा। इससे आर्थिक स्थिति पर असर पड़ेगा।

## हाईकोर्ट ने कांग्रेस राज में लागू भूमि सुधार कानून को मान्यता दी : हुड्डा



**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा ने हाई कोर्ट के उस फैसले का स्वागत किया है, जिसमें कांग्रेस सरकार द्वारा बनाए भूमि सुधार कानून को मान्यता दी है। दरअसल, हरियाणा के ग्रामीण इलाकों में विभिन्न वर्गों को भूमि का मालिकाना हक देने के लिए कांग्रेस सरकार ने दोहलीदार, बूटीमार, भोंडेमार और मुकरारीदार अधिनियम 2010 लागू किया था। इसकी संवैधानिक मान्यता को लंबी सुनवाई के बाद कोर्ट ने बरकरार रखा है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए हुड्डा ने कहा कि सर्व समाज का हित कांग्रेस की नीति रही है। इसी उद्देश्य से कांग्रेस कार्यकाल के दौरान बनाए गए भूमि सुधार कानून पर हाई कोर्ट ने भी अपनी मुहर लगा दी है। कांग्रेस के बनाए गए इस कानून को कोर्ट में चुनौती दी गई थी। लेकिन भाजपा सरकार की इसे लागू करने की शुरू से ही मंशा ठीक नही थी इसलिए संशोधन करती रही। यही वजह है कि कांग्रेस के फैसले को गरीबों, पिछड़ों और वंचित वर्गों के हक़ में बीजेपी सरकार लागू नही करवा पाई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हर वर्ग का ध्यान रखती है।

## आईएएसओ और इनसो के कई पदाधिकारी एनएसयूआई में शामिल

**चंडीगढ़।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में एनएसयूआई की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान आईएएसओ व इनसो के अनेकों पदाधिकारियों ने एनएसयूआई में आस्था जताई जिनका एनएसयूआई पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरूण चौधरी ने कहा कि एनएसयूआई का मुख्य उद्देश्य छात्र हित की राजनीति करते हुए छात्रों के अधिकारों के हनन के खिलाफ आवाज उठाना है। उन्होंने कहा कि भाजपा शासनकाल में छात्र हितों से लगातार खिलवाड़ किए जा रहे है। भाजपा सरकार से युवाओं के लिए रोजगार के साधन उपलब्ध नहीं करवाए जा रहे, बार-बार पेपर लीक की समस्या देशभर में बड़ी संख्या बनी हुई है। इसके अलावा बहुत सी ऐसी समस्याएं है, जिसके चलते युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। लेकिन सरकार का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। दइस मौके पर मौजूद एनएसयूआई हरियाणा प्रदेश के अध्यक्ष अविनाश यादव ने कहा कि एनएसयूआई की कार्यप्रणाली से प्रभावित होकर अन्य छात्र संगठनों के पदाधिकारी भी एनएसयूआई में आ रहे है, जिनका वे स्वागत करते है।



## अलग-अलग मामलों में दुष्कर्म के दो आरोपित गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** महिला थाना एनआईटी प्रभारी इंस्पेक्टर सविता की टीम ने पोक्सो एक्ट तथा दुष्कर्म के दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में रंजीत तथा अभिषेक का नाम शामिल है। आरोपी रणजीत यूपी के कासगंज का रहने वाला है जो फरीदाबाद में मुजेसर थाना एरिया में रह रहा था। आरोपी किराए के मकान पर रहता था जहां पर एक 17 वर्षीय लडक़ी भी उसी मकान में अपने परिवार के साथ रहती थी। आरोपी लडक़ी को काफी समय से जानता था। आरोपी ने लडक़ी के साथ पिछले करीब 3 महीने में तीन-चार बार दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। कुछ दिन पहले जब लडक़ी को पता चला कि वह गर्भवती हो गई है तो लडक़ी के परिजनों को इसके बारे में पता चला। दिनांक 18 मार्च को आरोपी के खिलाफ शिकायत दी गई जिसके आधार पर थाने में पोक्सो एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके आरोपी की तलाश की गई। पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए आरोपी फरार हो गया जिसे पुलिस ने तकनीकी सहायता के आधार पर कासगंज से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयोग मोबाइल फोन बरामद किया गया है। दूसरा आरोपी अभिषेक गाजियाबाद के मोदीनगर का रहने वाला है जो अपने मामा के पास मेरठ में रहता था। आरोपी ने फरीदाबाद की सारण एरिया में रहने वाली एक 25 वर्षीय लडक़ी के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था। कुछ महीने पहले लडक़ी अपने मामा के पास मोदीनगर गई हुई थी जहां पर उसकी मुलाकात आरोपी के साथ हुई। आरोपी ने उसे शादी का झांसा देकर अपने जाल में फंसा लिया और उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। लडक़ी फरीदाबाद में एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करती थी। आरोपी लडक़ी से मिलने फरीदाबाद आता था और वहां पर उसने उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। करीब एक महीने पहले आरोपी ने किसी दूसरी लडक़ी से सगाई कर ली जिसका पीड़ित लडक़ी को पता चला तो उसने अभिषेक से शादी की बात की परंतु उसने मना कर दिया।

## शराब कारोबारी सुंदर हत्याकांड का एक और आरोपित गिरफ्तार

**पुलिस ने चार दिन के रिमांड पर लिया**

हरिभमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर गुलशन ढाबे की पार्किंग में कार के अंदर लेटे शराब कारोबारी की गोलियां मारकर हत्या करने की वारदात में शामिल आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित बिट्टू उर्फ पोल निवासी नेताजी कॉलोनी जींद का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। आरोपित ने कारोबारी की हत्या करने के आरोपितों को संरक्षण दिया था। पुलिस रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से गंभीरता से पूछताछ कर रही है। गौरतलब है कि गांव खीजरपुर जट माजरा निवासी सुनील कुमार ने गत 10 मार्च को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि उसकी बुआ का लड़का मूलरूप से गांव सरगथल फिलहाल पटेल नगर निवासी शराब कारोबारी सुंदर मलिक उर्फ सुंदरा (36) गुलशन ढाबा की पार्किंग में अपनी स्कॉर्पियो गाड़ी लेकर आया था। वह रात को गाड़ी में ही सो गया था। अगले दिन सुबह साढ़े आठ बजे होंडा अमेज कार में साथी संग आए दो युवकों ने पार्किंग में ताबड़तोड़ गोलियां चलाकर सुंदर की हत्या कर दी थी। सुंदर मलिक उर्फ सुंदरा कुख्यात नीतू दाबोदिया गैंग का शार्प शूटर रहा है। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त की गई कार को खेवड़ा-झुंडपुर रोड पर लावारिस हालत में बरामद किया था। वह दिल्ली से चोरी की गई थी। पुलिस ने मामले में जांच का दायरा बढ़ाया तो सुंदर के दोस्त गांव कैलाना निवासी सन्नी फौगाट उर्फ फौजी पर शक गहरा गया। उसे कुराड़ मोड़ से गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस पूछताछ में पता लगा कि सन्नी सुंदर मलिक के साथ था। उसने रात को उसकी गाड़ी में जीपीएस रख दिया था। जिसकी लोकेशन हमलावरों को दे दी थी। बाद में वह बहाना बनाकर वहां से चला गया था। उसका इंतजार कर सुंदर गाड़ी में ही सो गया था। जिसके बाद हमलावरों ने उसकी हत्या कर दी थी। पुलिस ने मामले में नवीन उर्फ सुध्बिर निवासी अगवानपुर व रामनिवास उर्फ कालू को पहले गिरफ्तार कर लिया था। आरोपितों को पुलिस ने रिमांड पर ले लिया था। वारदात में शामिल आरोपितों को संरक्षण देने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपित को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया।



■ हत्यारोपितों को संरक्षण देने का आरोप, पुलिस ने बिट्टू उर्फ पोल को दबोचा


## लोकतंत्र को कुचल रही सरकार : सुशील गुप्ता



**कुरुक्षेत्र/ चंडीगढ़ ।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की संयुक्त बैठक में शामिल हुए। इस दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस महासचिव कुमारी शैलजा भी मौजूद रहीं। इनके साथ पूर्व उपमुख्यमंत्री चंद्रमोहन बिश्नोई, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष रामकिशन गुर्जर, असंध विधायक शमशेर सिंह गोगी और कालका विधायक प्रदीप चौधरी भी मौजूद रहे।डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि ये चुनाव देश लोकतंत्र को बचाने के लिए है। अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में जब आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता मुख्यमंत्री नायब सैनी के आवास का घेराव करने गए तो सरकार ने पुलिस से पिटवाया और काफी गंभीर चोटें आईं जिस कारण 150 लोगों को अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। 55 लोग तो कुरुक्षेत्र के सिविल अस्पताल में दाखिल थे। उन्होंने कहा कि सरकार लोकतंत्र को कुचल रही है।

### पांच हजार की रिश्वत लेते दरोगा गिरफ्तार

**नूंह।** हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम द्वारा जिला नूंह के सिटी पुलिस थाने में तैनात सब इंस्पेक्टर सुरजीत सिंह को 5000 की रिश्वत के आरोप में गिरफ्तार किया। आरोपी द्वारा सिटी पुलिस थाने में दर्ज एफआईआर के तहत पुलिस बेल देने के बदले में रिश्वत की मांग की गई थी। प्रवक्ता ने बताया कि शिकायतकर्ता के खिलाफ सिटी पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज था। शिकायतकर्ता ने हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम से संपर्क किया और बताया कि नूह के सिटी पुलिस थाने में कार्यरत सब इंस्पेक्टर सुरजीत सिंह शिकायतकर्ता को थाने में दर्ज एफआईआर के तहत पुलिस बेल देने के बदले में 7000 की रिश्वत की मांग की जा रही है। प्राप्त शिकायत के आधार पर तथ्यों की जांच पड़ताल की गई और आरोपी को 5 हजार रुपए की रिश्वत के आरोप में गिरफ्तार किया गया। इस मामले में सभी आवश्यक सबूत जुटाते हुए मामले की पड़ताल की जा रही है। इस मामले में आरोपी के खिलाफ गुरुग्राम के एंटी करप्शन ब्यूरो पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है।



खबर संक्षेप

### एक किलोग्राम अफीम सहित तस्कर गिरफ्तार

**सिरसा।** जिला की एंटी नारकोटिक्स सेल ऐलनाबाद पुलिस ने गश्त व चेकिंग के दौरान महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को एक किलोग्राम अफीम सहित एक आरोपी काबू किया है। सेल के प्रभारी उप निरीक्षक प्रवीण कुमार ने बताया कि पकड़े गए व्यक्ति की पहचान सुरेंद्र निवासी गांव तलवाड़ा खुर्द रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने अफीम को कब्जे में लेकर पकड़े गए आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

### कनाडा भेजने के नाम पर 1.80 लाख हड़पे

**यमुनानगर।** कनाडा भेजने के नाम पर भंभौली निवासी सुशील कुमार से एक लाख 80 हजार रुपये लेकर हड़प लिए गए। आरोप जींद के रामराई गांव निवासी विनोद पर लगा है। छप्पर थाना पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भंभौली निवासी सुशील कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह विदेश जाना चाहता था। उसकी मुलाकात इस्माइलपुर निवासी रिंकू के साथ हुई। रिंकू ने उसे बताया कि जींद के रामराई निवासी विनोद कुमार लोगों को विदेश भेजने का काम करता है। उसके उसके एक रिश्तेदार को भी अमेरिका भेजा था। रिंकू के माध्यम से उसने जगाधरी में आरोपी विनोद से मुलाकात की। आरोपी ने उसे कनाडा जाने का 15 लाख रुपये खर्च बताया।

### वीजा लगवाने के नाम पर ठगी, 10 पर केस

**फतेहाबाद।** कनाडा का वीजा लगवाने के नाम पर रतिया के तीन युवकों से साढ़े 36 लाख रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। इस बारे पीड़ित युवक ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। शनिवार को पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नं. 10 रतिया निवासी चंचल कुमार ने कहा कि गांव रतनगढ़ निवासी कुलविन्द्र कौर की पुराना बस अड्डा, रतिया के पास एयर टिकट की दुकान है। उसका उक्त दुकान पर आना जाना था। उसने कनाडा का वर्क वीजा लगवाने के लिए कुलविन्द्र कौर से बात की तो कुलविन्द्र कौर ने कहा कि श्वेता चावला जोकि मोहाली में रहती है, वह वीजा लगवाने का काम करती है।

### झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर ठगे 50 हजार

**यमुनानगर।** फेसबुक पर मॉडल कॉलोनी निवासी दिनेश से दोस्ती कर एक महिला ने उसे झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर 50 हजार रुपये व हस्ताक्षर किए हुए दो ब्लैंक चेक ठग लिए। आरोपी महिला व्यक्ति से मिलने उसके घर आई थी जब वह बात कर रहे थे तो तीन व्यक्ति उनके घर में घुस गए और उसे झूठे केस में फंसाने की धमकी देने लगे। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी महिला को नामजद करते हुए तीन अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### ऑनलाइन काम का झांसा देकर ठगे साढ़े 96 हजार

**यमुनानगर।** साइबर ठगों ने ऑनलाइन काम करके अधिक पैसे कमाने का लालच देकर फ्रैंडस कॉलोनी निवासी शंभुनाथ से साढ़े 96 हजार रुपये ठग लिए। जब उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### एडीजीपी के आदेश पर पुलिस ने दर्ज किया केस

**डिंग।** एडीजीपी के आदेशों पर डिंग थाना पुलिस ने धोखाधड़ी के आरोप में गांव मोचीवाली निवासी सुनील कुमार के खिलाफ केस दर्ज किया है। एडीजीपी को दी शिकायत में अग्रसेन निवासी गांव घुड़साल ने बताया कि उसने वर्ष 2021 में सुनील कुमार से डीएपी खाद के 174 कट्टे लिए थे, जिनकी कीमत 2.15 लाख रुपए उसने सुनील कुमार को दे दी थी। जब उसने घर जाकर खाद के कट्टे खोलकर देखे तो उनमें राखनुमा पाउडर भरा हुआ था। इस संबंध में पुलिस को शिकायत दी।

---

*डहीना में शनिवार को यादुवेंद्र की अध्यक्षता में हुई रैली की निकली हवा, दूसरे हलकों से पहुंचे दीपेंद्र समर्थकों ने बचाई कांग्रेसी नेता की लाज*

# दीपेंद्र हुड्डा के लिए घाटे का सौदा साबित होगी जगदीश यादव की दूरी

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा अगर लोकसभा चुनाव मैदान में उतरते हैं, तो कोसली में एक बार फिर उन्हें जोर का झटका लग सकता है। इस हलके में गत लोकसभा चुनावों में मिली बड़ी हार को पाटने के लिए पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा और उनके बेटे दीपेंद्र ने जगदीश यादव को कांग्रेस ज्वाइन कराई थी, वह मकसद जगदीश को साइडलाइन करके हासिल करने की उम्मीद रखना बेकार है।

गत शनिवार को डहीना में पूर्व विधायक राव यादुवेंद्र की अध्यक्षता में हुई दीपेंद्र की जन आक्रोश रैली में इसकी बानगी देखने को मिल चुकी है। रेवाड़ी से लेकर बावल तक से आए कांग्रेस कार्यकर्ताओं के कारण दीपेंद्र की लाज तो बच गई, परंतु कोसली हलके के लोगों की नाममात्र उपस्थिति ने दीपेंद्र को



दीपेन्द्र हुड्डा जगदीश यादव राव यादुवेंद्र सिंह

बड़ा संकेत दे दिया है। पूर्व विधायक जगदीश यादव को वर्ष 1996 के विधानसभा चुनावों में हरियाणा विकास पार्टी की टिकट पर पहली बार दिग्गज नेता राव इंद्रजीत सिंह को जाटूसाना हलके से हराकर विधायक बनने का मौका मिला था। उसके बाद से ही जगदीश यादव ने पहले जाटूसाना और बाद में नए बने कोसली हलके में अपने व्यक्तिगत वोट बैंक को हाथ से नहीं खिसकने दिया। वर्ष 2000 के विधानसभा चुनावों में जगदीश ने राव इंद्रजीत सिंह को सीधी टक्कर देते हुए इनेलो की टिकट पर 36 फीसदी मतों के साथ दूसरा स्थान हासिल किया था। वर्ष 2005 के विधानसभा चुनावों में कोसली हलके से कांग्रेस प्रत्याशी राव यादुवेंद्र के खिलाफ इनेलो की टिकट पर चुनाव लड़ते हुए महज साढे.14 सौ मतों से हार का सामना करना पड़ा था।

वर्ष 2009 में इंडीपेंडेंट कंडीडेट के रूप में भी वह 34 प्रतिशत से अधिक मत लेकर दूसरे स्थान पर रहे थे, जबकि 2014 के चुनावों में भाजपा प्रत्याशी को 32 प्रतिशत से अधिक मत लेकर टक्कर देने का काम किया था। इसी चुनाव से कांग्रेस प्रत्याशी राव यादुवेंद्र सिंह का जनाधार खिसकना शुरू हो गया था। यादुवेंद्र को इन चुनावों में महज 12 फीसदी वोट ही मिले थे। भाजपा में टिकट की संभावना नजर नहीं आने के कारण जगदीश यादव कुछ समय पहले ही हुड्डा के मार्फत कांग्रेस में शामिल हुए, तो कोसली में निष्क्रिय नजर आ रहे यादुवेंद्र सिंह ने सक्रियता बढ़ा दी। यादुवेंद्र का व्यक्तिगत जनाधार जगदीश के मुकाबले कुछ भी नहीं बचा है। हलके के लोगों से लगातार दूरी ने समर्थकों को उनसे दूर करने का काम किया है।

#### भाजपा में आने के बाद नहीं लड़ा था चुनाव

पिछले विधानसभा चुनावों में टिकट की उम्मीद के साथ जगदीश यादव भाजपा में शामिल हो गए थे, लेकिन टिकट वितरण में राव इंद्रजीत सिंह को महत्व मिलने के कारण उनकी टिकट का रास्ता बंद हो गया था। इसके बावजूद उन्होंने दल बदलने की बजाय भाजपा प्रत्याशी की मदद के लिए पहली बार चुनाव मैदान से हटने का फैसला लिया था। अगर जगदीश मैदान में उतर जाते, तो इससे चुनाव परिणाम प्रभावित होने के पूरे आसार थे। जगदीश ने आगामी विधानसभा चुनावों में दमदार पारी खेलने के लिए ही कांग्रेस ज्वाइन की है।

#### जगदीश की अनुपस्थिति से रैली फ्लॉप शो

कोसली हलके में एक बार फिर खुद को एक्टिव दिखाने के लिए यादुवेंद्र ने 23 मार्च को डहीना में दीपेंद्र हुड्डा की रैली कराई थी। इस रैली से जगदीश यादव ने पूरी तरह किनारा कर लिया था। जगदीश के समर्थक भी रैली में नहीं पहुंचे थे। बावल से पूर्व मंत्री डा. एमएल रंगा व रेवाड़ी से महाबीर मसानी, महेंद्र छाबड़ा और दिनेश यादव समर्थकों की भीड़ के साथ पहुंचे थे, जिस कारण किसी तरह लाज बच गई। यादुवेंद्र के भरोसे दीपेंद्र को रैली के रूप में मैदान साफ नजर आ सकता था। जगदीश की दूरी आने वाले लोकसभा चुनावों में कोसली हलके में एक बार फिर से दीपेंद्र को बड़ा झटका दे सकती है।

---

## आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के विद्यार्थी ले सकेंगे निजी विद्यालयों में दाखिला

# चिराग योजना के तहत प्रदेश के 551 स्कूलों में होंगे दाखिले

*31 मार्च तक किया जा सकता है आवेदन*

*सोनीपत के 35 स्कूलों के नाम भी शामिल*

- शिक्षा निदेशालय ने मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों को चिराग योजना के तहत अपनी सहमति विभाग की वेबसाइट पर दर्ज करवाने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के मेधावी विद्यार्थियों के लिये शुरू की गई चिराग योजना के तहत दाखिला प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस योजना के तहत विद्यार्थियों को दाखिले के लिये 31 मार्च तक का समय दिया गया है। विद्यार्थियों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इसके लिये शिक्षा निदेशालय की ओर से प्रदेश के 551 विद्यालयों में सीटों का ब्यौरा जारी किया है। इस ब्यौरे में सोनीपत के 35 स्कूलों के नाम भी शामिल हैं। शिक्षा निदेशालय ने मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों को चिराग योजना के तहत अपनी सहमति विभाग की वेबसाइट पर दर्ज करवाने के निर्देश दिए थे। जिसके तहत विद्यालयों को 10 फरवरी तक की सहमति के साथ ही कक्षा अनुसार सीटों का विवरण भी साइट पर दशार्ना था। वहीं 10 मार्च तक सीटों का विवरण नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने के निर्देश दिए गए थे, ताकि अभिभावक व बच्चे सीटों का विवरण देख दाखिले के लिए आवेदन कर सकें। 15 मार्च से आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी। विद्यालयों की सूची जारी नहीं होने से अभिभावकों को परेशानी आ रही थी।



#### 5 अप्रैल तक निकाले जाएंगे ड्रा

चिराग योजना के तहत ऐसे परिवार अपने बच्चों का दाखिला मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में करवा सकते हैं, जिनकी वार्षिक आय एक लाख रुपये या इससे कम है। इसके लिए जरूरी है कि विद्यार्थी ने पिछली कक्षा राजकीय स्कूल से उत्तीर्ण की हो। योजना में चौथी से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थी ही दाखिला ले सकते हैं। जिन विद्यालयों में प्राप्त आवेदन निर्धारित सीटों से अधिक होंगे, वहां दाखिले के लिए ड्रा प्रणाली अपनाई जाएगी। एक से पांच अप्रैल तक ड्रा निकाले जाएंगे।

#### कहां कितने स्कूलों की सूची जारी

| जिला | स्कूल |
|---|---|
| अंबाला | 27 |
| भिवानी | 56 |
| चरखी दादरी | 19 |
| फरीदाबाद | 35 |
| गुरुग्राम | 10 |
| हिसार | 45 |
| झज्जर | 23 |
| जींद | 48 |
| कैथल | 31 |
| करनाल | 30 |
| कुरुक्षेत्र | 42 |
| महेंद्रगढ़ | 09 |
| नूंह मेवात | 14 |
| पलवल | 13 |
| पंचकूला | 07 |
| पानीपत | 29 |
| रेवाड़ी | 11 |
| रोहतक | 12 |
| सिरसा | 43 |
| सोनीपत | 35 |
| यमुनानगर | 12 |
| कुल | 551 |

#### सोनीपत में कहां कितने स्कूलों में होंगे दाखिले

| खंड | स्कूल |
|---|---|
| गन्नौर | 02 |
| गोहाना | 06 |
| कथूरा | 02 |
| खरखौदा | 10 |
| मुडलाना | 05 |
| राई | 02 |
| सोनीपत | 08 |
| कुल | 35 |

#### मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों की सूची जारी

शिक्षा विभाग ने चिराग योजना के तहत दाखिलों के लिए मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों की सूची जारी कर दी गई है। जिसमें प्रदेश के 551 विद्यालयों में दाखिले किए जाएंगे। इसमें सोनीपत जिले में 35 स्कूल शामिल हैं। अभिभावक योजना के तहत अपने बच्चों का दाखिला निजी विद्यालयों में करवाने के लिए 31 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं।
**-नवीन गुलिया**, जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत

---





मुंढाल के समीप हुए हादसे के बाद पलटी पड़ी कार, मृतक संदीप का फाइल फोटो।

*हांसी में पशु को बचाने के प्रयास हादसा*

## अनियंत्रित होकर पलटी कार, तीन लोगों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

राष्ट्रीय राजमार्ग 9 पर रविवार दोपहर बांडाहेड़ी गांव के समीप एक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में जा कर पलट गई। इससे कार में सवार तीन लोगों की मौत हो गई। कार में सवार तीनों व्यक्ति भैणी महाराजपुर से हांसी की ओर आ रहे थे। जैसे ही उनकी कार मुंढाल गांव के समीप पहुंची तो अचानक एक पशु उनकी कार के सामने आ गया। अचानक सामने आए पशु को बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड्डों में जाकर पलट गई। इस हादसे में कार में सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों व राहगीरों ने तीनों को एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने हिसार निवासी संदीप व अनिल को मृत घोषित कर दिया तथा पलवल निवासी तेसी की गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद हिसार रेफर कर दिया लेकिन तेसी ने भी हिसार ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर बास थाना पुलिस ने हांसी नागरिक अस्पताल पहुंच शवों को कब्जे में लेकर शवगृह में रखवाया, जहां सोमवार को पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।

#### की जा रही जांच

कार में सिर्फ तीन व्यक्ति ही सवार थे और तीनों की मौत हो गई। उन्होंने बताया हादसा मुंढाल गांव के समीप हुआ। मामले की जांच की जा रही है।
**-सब इंस्पेक्टर प्रवीन जांच अधिकारी**

---

## तेल पाइपलाइन में सेंध लगाने वाले गिरोह का पर्दाफाश, सीआईए के हत्थे चढ़ा एक सदस्य

- रिमांड पर लेकर की जा रही पूछताछ, सरगना सहित कई आरोपियों की गिरफ्तारी जल्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मुंदरा-पानीपत के बीच आईओसी की तेल पाइप लाइन में भाड़ावास के पास सेंध लगाने वाले गिरोह तक सीआईए के हाथ पहुंच चुके हैं। सीआईए ने गिरोह के एक सदस्य को काबू कर लिया है।

गिरोह के सरगना सहित करीब एक दर्जन लोगों की धरपकड़ के लिए सीआईए ने जाल बिछाना शुरू कर दिया है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद रिमांड पर लिया गया है। गत 28 फरवरी को आईओसी के पाइप लाइन उत्तरी क्षेत्र के सहायक प्रबंधक सचेत यादव ने थाना रामपुरा पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया था कि गार्ड राधेश्याम को गश्त के दौरान भाड़ावास के एक खेत में तेल पाइप लाइन के पास कच्चा तेल बिखरा हुआ नजर आया। उसकी सूचना पर मौके पर जाकर देखा तो पाइप लाइन पर एक वाल्व लगाया हुआ था। पास में ही तेल निकालने वाले पाइप पड़े हुए थे। इस लाइन से तेल चोरी करना बड़ी धमाके के साथ हादसे का कारण बन सकता था। थाना रामपुरा पुलिस ने सचेत यादव की शिकायत के आधार पर विभिन्न धाराओं और विस्फोटक कानून के तहत केस दर्ज किया था।

#### सीआईए को सौंपी गई थी मामले की जांच

एसपी ने मामले की जांच सीआईए को सौंपी थी। जांच के बाद सीआईए ने यूपी के खुजवइया निवासी अवधेश उर्फ दीपू को इस मामले में गिरफ्तार किया है। सीआईए सूत्रों के अनुसार तेल चोरी के इस मामले के तार यूपी से ही जुड़े हुए हैं। अवधेश गिरोह का एक सदस्य है। इस मामले में करीब एक दर्जन लोग शामिल हैं। गिरोह के सरगना की तलाश में सीआईए की टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश देने के लिए रवाना हो गई हैं। आरोपी को कोर्ट से रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।

---

## कुरुक्षेत्रः एनआईटी में छात्रा ने पांचवीं मंजिल से छलांग लगा की आत्महत्या

**कुरुक्षेत्र।** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एनआईटी) की छात्रा ने संदिग्ध परिस्थितियों में हॉस्टल की पांचवीं मंजिल से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक छात्रा की पहचान 22 वर्षीय श्रेया वासी फिरोजाबाद के रूप में हुई है। घटना के पीछे रहे कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाए। लेकिन प्राथमिक तौर पर बताया जा रहा है कि छात्रा परीक्षा में री-अपीयर आने से परेशान थी। वह बी टेक मैकेनिकल द्वितीय वर्ष में पढ़ाई कर रही थी। इस घटना से संस्थान प्रशासन में भी हड़कंप सा मच गया है। पुलिस का कहना है कि अभी मामले की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि कल्पना चावला हॉस्टल से अचानक ही तेज आवाज आई, जिसके चलते सुरक्षाकर्मी मौके पर पहुंचे। यहां उन्हें एक छात्रा नीचे गिरी मिली। उन्होंने संस्थान के अधिकारियों को सूचना दी। आनन-फानन में छात्रा को लोकनायक जयप्रकाश नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने छात्रा के शव को कब्जे में लिया है।

---

## बहादुरगढ़ में दम घुटने से एमबीबीएस छात्र की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

इलाके में बीती शाम को दर्दनाक हादसा हो गया। यहां एक एमबीबीएस छात्र की शौचालय में नहाते वक्त तबीयत बिगड़ गई। उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है। मामले में फिलहाल 174 के तहत कार्रवाई की गई है। मृतक की पहचान करीब 18 वर्षीय श्रेष्ठ के रूप में हुई है। श्रेष्ठ यहां झज्जर रोड स्थित टाटा वैल्यू होम्स में रहता था। एमबीबीएस फर्स्ट इयर का छात्र था। जानकारी के अनुसार, शनिवार की देर शाम को वह बाथरूम में नहाने के लिए गया था। बाथरूम में अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिजनों की नजर पड़ी तो उन्होंने संभाला और नूना माजरा स्थित अग्रसेन अस्पताल में ले गए। जहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उसको मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर एचएल सिटी चौकी से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। परिजनों के बयान के बाद पुलिस ने रविवार को पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है। बताया जा रहा है कि बाथरूम में गैस गीजर लगा हुआ था। संभवतः दम घुटने से श्रेष्ठ की मौत की आशंका है। हालांकि पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का भी इंतजार रहेगा। मौत की वजह बेशक कुछ भी हो लेकिन त्योहार के मौके पर परिवार की खुशियां गम में बदल गई हैं। उनका इकलौता पुत्र उन्हें छोड़ गया है। एसआई राजीव का कहना है कि युवक की दम घुटने से मौत की आशंका है।

---

**मौसम बदला** अधिकतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस कम होकर 30 पर आ गया


# पश्चिमी विक्षोभ के कारण बूंदाबांदी से तापमान में आई गिरावट, पछेती गेहूं को होगा फायदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम में एक बार फिर बदलाव आ गया है। होली पर्व पर दिन भर आसमान में गहरे बादल छाए रहे और शाम को हल्की बूंदाबांदी से तापमान में 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। आने वाले सप्ताह में मौसम बार-बार बदलता रहेगा। आसमान में आंशिक या घने बादल छाते रहेंगे। 31 मार्च को पश्चिम विक्षोभ की सक्रियता हल्की या तेज बरसात का कारण बन सकती है। देर शाम हल्की बरसात शुरू होने से किसानों की परेशानी बढ़ गई। हालाकि पछेती गेहूं को होगा फायदा होगा।

रविवार को सुबह से ही आसमान में घने बादल छाने से सूर्यदेव बादलों में लुप्त हो गए। दोपहर के समय एक बार आसमान साफ होने के बाद शाम के समय फिर से बादल छा गए। शाम को करीब 7 बजे जिले के कई इलाकों में हल्की बरसात शुरू हो गई।

बादलों के कारण अधिकतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस कम होकर 30 पर आ गया, जबकि न्यूनतम तापमान 1.3 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 16.8 पर पहुंच गया। शनिवार को अधिकतम तापमान इस सीजन में पहली बार 34 डिग्री पर पहुंच गया था, जिससे मौसम का मिजाज गर्म होने लगा था। लोगों ने रात को भी पंखों का इस्तेमाल शुरू कर दिया है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले सप्ताह में आसमान में बार-बार बादल छाते रहेंगे। माह के अंत में हल्की या तेज बरसात के साथ ओलावृष्टि की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा रहा। इस सप्ताह में तापमान में और अधिक वृद्धि होने की संभावना बनी रहेगी।



#### सरसों की कटाई प्रभावित

किसान सरसों की कटाई का कार्य लगभग पूरा कर चुके हैं। पछेती सरसों ही बची हुई है। गेहूं की कटाई का कार्य भी शुरू हो चुका है। गत वर्ष मार्च माह के अंत में हुई ओलावृष्टि ने फसलों को नुकसान पहुंचाया था। अभी तक इस साल सरसों की और गेहूं की फसलों को मौसम का पूरा फायदा मिला है, लेकिन इस समय अगर मौसम बदलता है तो इससे नुकसान की आशंका बनी रहेगी। आसमान में छाए बादलों ने किसानों की चिंता बढ़ाने का काम कर दिया है। बादलों के बीच रविवार को शाम के समय बूंदाबांदी शुरू हो गई, जिससे किसानों की चिंता भी बढ़ गई है।

#### 29 तक परिवर्तनशील रहने की संभावना

हरियाणा राज्य में मौसम आमतौर पर 29 मार्च तक परिवर्तनशील रहने की संभावना है। इस दौरान बीच बीच में आंशिक बादल छाए रहने की संभावना है परंतु एक पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से 26 मार्च रात्रि को ज्यादातर क्षेत्रों में बादलवाई तथा कुछ एक स्थानों पर छिटपुट बूंदाबांदी भी होने की संभावना है जिससे दिन के तापमान में हल्की कमी रहने परंतु रात्रि तापमान में हल्की बढ़ोतरी होने की संभावना है। इस दौरान बीच-बीच में हवाएं चलने की भी संभावना है।
**-डॉ मदन खीचड़**, विभागाध्यक्ष कृषि मौसम विज्ञान विभाग चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार।



**खबर संक्षेप**

## बीते सप्ताह सभी तेल की कीमतों में रही गिरावट



**नई दिल्ली।** देश की प्रमुख मंडियों में सरसों की नई फसल की आवक बढ़ने के बीच बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में सभी तेल-तिलहनों पर दबाव रहा और इनकी कीमतें हानि दर्शाती बंद हुईं। बाजार के जानकार सूत्रों ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान मंडियों में लगभग 13 लाख से 16 लाख बोरी तक सरसों की आवक हुई। हालांकि यह आवक ज्यादातर छोटी जोत वाले किसानों की थी जिन्हें पैसों की आवश्यकता थी। बड़े किसान अब भी सरकार की ओर से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर सरसों की खरीद होने का इंतजार करते दिखे।

## हिंदुस्तान जिंक के विभाजन की योजना हुई खारिज

HINDUSTAN ZINC

**नई दिल्ली।** खान मंत्रालय ने वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड द्वारा कंपनी को विभिन्न इकाइयों में विभाजित करने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। सरकार के पास कंपनी में 29.54 प्रतिशत हिस्सेदारी है। 'हम प्रस्ताव से सहमत नहीं हुए।' हिंदुस्तान जिंक ने पहले अपने बाजार पूंजीकरण को बढ़ाने के लिए जस्ता और चांदी के कारोबार को अलग-अलग इकाइयों में विभाजित करने की योजना की घोषणा की थी। प्रस्ताव खारिज करने का कारण पूछने पर सचिव ने कहा, 'हमारे सामने जो भी बात रखी गई है उससे हम एक शेयरधारक के तौर पर आश्वस्त नहीं हैं।'

# सोने में तेजी का भारतीयों ने उठाया फायदा, 53 लाख किलो सोने पर लिया गोल्ड लोन

एजेंसी ▶▶| मुंबई

- 15 लाख करोड़ रुपए का देश में गोल्ड लोन का बाजार है

2020 में देश में कोरोना महामारी के दस्तक देने के बाद सभी प्रकार के लोन सस्ते हो गए थे जिसमें गोल्ड लोन भी शामिल है। तब सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक 7.50 फीसदी के दर पर गोल्ड लोन ऑफर कर रहा था।

एक तरफ गोल्ड लोन सस्ते दर पर मिल रहा था तो सोने की कीमतों में रिकॉर्ड तेजी देखी जा रही थी।तब सस्ते दर पर गोल्ड लोन का लोगों ने जमकर फायदा उठाया। बैंकिंग सेक्टर के रेग्यूलेटर भारतीय रिजर्व बैंक ने सोने को लेकर हाल ही में एक रिपोर्ट जारी किया है। रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय परिवारों ने 5300 टन यानि 53 लाख किलो सोना गिरवी रखकर वित्तीय संस्थानों से गोल्ड लोन लिया है।

### भारतीय परिवारों के पास 27,000 टन सोना होने का अनुमान

#### 60 फीसदी बाजार पर असंगठित क्षेत्र का कब्जा

देश में गोल्ड लोन मार्केट में संगठित क्षेत्र की हिस्सेदारी केवल 40 फीसदी है जो कि 6 लाख करोड़ रुपए के करीब है। जबकि बाकी 60 फीसदी गोल्ड लोन बाजार पर असंगठित क्षेत्र का कब्जा है। यानि देश में ज्यादातर लोग गोल्ड लोन के लिए अभी भी सुनार या साहूकारों पर निर्भर हैं। कुल 9 लाख करोड़ रुपए के गोल्ड लोन मार्केट पर इनका कब्जा है।



*गोल्ड लोन पोर्टफोलियो ने बढ़ाई सरकार की चिंता : गोल्ड लोन की डिमांड बढ़ी है लेकिन बैंकों के गोल्ड लोन पोर्टफोलियो ने सरकार और वित्त मंत्रालय की चिंता भी बढ़ा दी है। सरकार ने बैंकों की ओर से गोल्ड लोन देने में रेग्यूलेटरी नियमों के अनुपालन में उल्लंघन का मामला पाया है। हाल ही में वित्त मंत्रालय ने सभी सरकारी बैंकों को गोल्ड लोन पोर्टफोलियो के समीक्षा करने के आदेश दिए हैं।*

#### गोल्ड लोन लेने का बढ़ा चलन

भारतीय परिवारों के पास 27,000 टन सोना होने का अनुमान है। जिसमें से करीब 20 फीसदी सोना बैंकों के पास गिरवी पड़ा है जिसपर लोगों ने गोल्ड लोन लिया है। 15 लाख करोड़ रुपए का देश में गोल्ड लोन का बाजार है जो सालाना 17 फीसदी के दर से ग्रोथ दिखा रहा है और अगले 5 वर्षों यानि 2029 तक इसके 12.22 फीसदी के दर से बढ़ने का अनुमान है।

#### बैंकों ने जमकर बांटे गोल्ड लोन

31 दिसंबर 2023 तक एसबीआई का गोल्ड लोन पोर्टफोलियो 30,881 करोड़ रुपए का रहा है। पंजाब नेशनल बैंक का 5315 करोड़ रुपए और बैंक ऑफ बड़ौदा का 3682 करोड़ रुपए का गोल्ड लोन पोर्टफोलियो है। आरबीआई के नियमों के मुताबिक बैंक या फिर एनबीएफसी सोने की ज्वैलरी के कुल वैल्यू का 75 फीसदी तक गोल्ड लोन दे सकते हैं।

## सरकार दे रही पर्यावरण अनुकूल परिवहन नीति को प्रोत्साहन

# कई बड़ी कंपनियां आगामी वर्षों में नए इलेक्ट्रिक वाहन उतारने की तैयारी में

- मारुति, हुंडई, टाटा और महिंद्रा जैसी कंपनियां कर रही मांग पूरी
- महिंद्रा आने वाले पांच वर्षों में नए बैटरी वाहन पेश करेगी
- मारुति बिजली चालित वाहनों के लिए गंभीर निवेश कर रही

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार द्वारा नई नीति के अनावरण के जरिये पर्यावरण अनुकूल परिवहन को प्रोत्साहन देने की वजह से आज भारतीय वाहन उद्योग तेजी से इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) मॉडल उतारने की तैयारी कर रहा है।

वाहन क्षेत्र की मारुति सुजुकी, हुंडई, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाटा मोटर्स जैसी बड़ी कंपनियां विभिन्न खंडों की मांग को पूरा करने के लिए नए बिजलीचालित मॉडल लाने की तैयारी में हैं। महिंद्रा एंड महिंद्रा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) वाहन क्षेत्र नलिनीकांत गोलागुंटा ने कहा कि कंपनी आने वाले वर्षों में पांच नए बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन पेश करेगी।

### सभी वर्ग के उपभोक्ताओं की जरूरत होगी पूरी

इसकी शुरुआत जनवरी, 2025 से होगी। उन्होंने कहा, ये इलेक्ट्रिक स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन (एसयूवी) महिंद्रा के नवोन्मेषी आईएनजीएलओ मंच पर बनाए जाएंगे। हमारा लक्ष्य विविधता वाली श्रृंखला के जरिये विभिन्न वर्गों के उपभोक्ताओं की जरूरत को पूरा करना है।

### मारुति पोर्टफोलियों बढ़ाने पर देगी ध्यान

इन एसयूवी को उतारने का मकसद इलेक्ट्रिक वाहन खंड में अपनी स्थिति को मजबूत करना है। 2027 तक हमारे पोर्टफोलियो का 20 से 30 प्रतिशत इलेक्ट्रिक वाहनों का होगा। मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) के कार्यकारी अधिकारी (कॉरपोरेट मामले) राहुल भारती ने कहा कि हम बिजलीचालित वाहन क्षेत्र में 'गंभीर' निवेश कर रहे हैं।



### हुंडई दस साल में करेगी 26 हजार करोड़ का निवेश

कंपनी की योजना तमिलनाडु में अगले 10 साल में 26,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की है। इस निवेश में राज्य में बैटरी असेंबली संयंत्र की स्थापना भी शामिल है। टाटा मोटर्स के एक प्रवक्ता ने कहा कि कंपनी का लक्ष्य 2026 तक अपने बिजलीचालित मॉडल की संख्या को 10 करने का है।

*ईवी की हिस्सेदारा 2030 तक होगी 20 फीसदी : गर्ग ने कहा कि कई उद्योग अनुमानों के अनुसार, ईवी का 2030 तक भारत के वाहन बाजार में हिस्सा लगभग 20 प्रतिशत पर पहुंच जाएगा। उन्होंने कहा कि हमें भरोसा है कि बिजलीचालित वाहन जल्द मुख्यधारा का हिस्सा होंगे।*

### लक्जरी कंपनियां भी ईवी क्षेत्र में दिखा रही रूचि

कंपनी की योजना कर्व ईवी और हैरियर ईवी सहित चार और ईवी मॉडल पेश करने की है। लक्जरी वाहन कंपनियां भी ईवी क्षेत्र में रुचि दिखा रही है। मर्सिडीज-बेंज इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि हमारी योजना 2024 में 12 नए उत्पाद उतारने की है। इनमें से तीन नए बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन (बीईवी) होंगे।

### 550 किमी रेंज की ईवी उतारेगी मारुति

भारती ने कहा, 'हम वित्त वर्ष 2024-25 में 550 किमी रेंज के साथ ईवी के रूप में नए सिरे से डिजाइन हाई-स्पेक बिजलीचालित वाहन का उत्पादन शुरू करेंगे। अगले सात-आठ साल में हमारे छह इलेक्ट्रिक वाहन होंगे।'

### सभी प्रौद्योगिकियों पर काम करने प्रतिबद्ध

भारती ने कहा कि कार्बन और कच्चे तेल के आयात में कटौती करने के लिए देश को हाइब्रिड-इलेक्ट्रिक, सीएनजी, बायो-सीएनजी, एथनॉल फ्लेक्स ईंधन आदि जैसी कई और प्रौद्योगिकियों की जरूरत होगी। उन्होंने कहा, 'हम ऐसी सभी प्रौद्योगिकियों पर भी काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'

### हुंडई ने लंबी रेंज की एसयूवी कोना उतारी

हुंडई मोटर इंडिया के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) तरुण गर्ग ने कहा कि हम देश में पहले मूल उपकरण विनिर्माताओं (ओईएम) में से है जिसने पूर्ण लंबी रेंज वाली एसयूवी 'कोना' 2019 में उतारी थी। पिछले साल कंपनी ने अपनी प्रीमियम इलेक्ट्रिक एसयूवी आईओएनआईक्यू 5 पेश की थी।

# भारत का कोयला आयात बढ़कर 21.22 करोड़ टन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- सालाना आधार पर 1.65 फीसदी की मामूली वृद्धि

चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जनवरी अवधि में देश में कोयला आयात सालाना आधार पर 1.65 प्रतिशत की मामूली वृद्धि के साथ 21.22 करोड़ टन हो गया है।

अंतरव्यापारिक ई-कॉमर्स मंच एमजंक्शन सर्विसेज लिमिटेड द्वारा जुटाए आंकड़ों के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष (2022-23) की इसी अवधि में भारत का कोयला आयात 20.87 करोड़ टन था। आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जनवरी अवधि के दौरान, गैर-कोकिंग कोयले के आयात की मात्रा 13.64 करोड़ टन थी, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के दौरान आयातित 13.69 करोड़ टन से थोड़ा कम है। अप्रैल-जनवरी 2023-24 के दौरान कोकिंग कोयले का आयात 4.73 करोड़ टन था, जो बीते वित्त वर्ष की समान अवधि में दर्ज 4.60 करोड़ टन से अधिक है। कोयला आयात बढ़कर 1.98 करोड़ टन हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष के समान महीने में 1.69 करोड़ टन से अधिक था।

### ताप बिजली संयंत्रों के लिए पर्याप्त कोयला

खदानों और ताप बिजली संयंत्रों में घरेलू कोयले की पर्याप्त उपलब्धता को देखते हुए उम्मीद है कि यह प्रवृत्ति मार्च में भी जारी रहेगी। सरकार के अंतरिम आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-जनवरी अवधि में देश का कोयला उत्पादन 78.41 करोड़ टन हो गया है, जो 2022-23 में इसी अवधि के दौरान 69.89 करोड़ टन से कहीं अधिक है।

## यूनो मिंडा का स्टारचार्ज एनर्जी के साथ गठजोड़

**नई दिल्ली।** ऑटो कलपुर्जा निर्माता यूनो मिंडा ने शुक्रवार को कहा कि उसने देश में इलेक्ट्रिक वाहन आपूर्ति उपकरणों के निर्माण और बिक्री के लिए स्टारचार्ज एनर्जी के साथ गठजोड़ किया है। कंपनी ने घरेलू चार्जिंग के लिए डिजाइन किए गए वॉल-माउंटेड एसी चार्जर के लिए स्टारचार्ज एनर्जी पीटीई के साथ एक तकनीकी लाइसेंस समझौता किया है। ''यह सहयोग ''मेक इन इंडिया'' के प्रति हमारे समर्पण और एक टिकाऊ और विद्युतीकृत भविष्य के लिए हमारे समर्पण को और मजबूत करता है। स्टारचार्ज, इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और माइक्रोग्रिड समाधान में विश्व की अग्रणी कंपनी है, जो अमेरिका, वियतनाम और चीन में विनिर्माण सुविधाओं के साथ 67 देशों और क्षेत्रों में काम करती है।

## बायजू ने अपने 30 ट्यूशन सेंटर को बंद किया

नई दिल्ली। वित्तीय संकट का सामना कर रहे बायजू ब्रांड का स्वामित्व रखने वाली कंपनी थिंक एंड लर्न लिमिटेड ने अपने 292 ट्यूशन सेंटर में से 30 को बंद कर दिया है। कंपनी ने शुक्रवार को एक बयान में यह जानकारी दी।

## एफपीआई ने मार्च में शेयरों में 38,000 करोड़ रुपए डाले

**नई दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने अबतक भारतीय शेयर बाजारों में 38,000 करोड़ रुपये से अधिक डाले हैं। वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में सुधार और घरेलू मोर्चे पर मजबूत वृहद आर्थिक परिदृश्य के बीच एफपीआई भारतीय शेयर बाजारों में निवेश कर कर रहे हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इससे पहले फरवरी में एफपीआई ने शेयरों में 1,539 करोड़ रुपये डाले थे। वहीं जनवरी में उन्होंने 25,743 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे। कुल मिलाकर इस साल अबतक एफपीआई भारतीय शेयर बाजार में 13,893 करोड़ रुपये डाल चुके हैं। इस दौरान उन्होंने ऋण या बॉन्ड बाजार में 55,480 करोड़ रुपये का निवेश किया है।

# वैश्विक संकेतकों से तय होंगी शेयर बाजार की गतिविधियां

- विदेशी निवेशकों की भूमिका होगी महत्वपूर्ण
- बाजार में भी कुछ उतार-चढ़ाव रह सकता है

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



शेयर बाजारों की दिशा आगामी कम कारोबारी सत्रों वाले सप्ताह में वैश्विक रुझानों तथा विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

विश्लेषकों ने कहा कि गुरुवार को मासिक डेरिवेटिव्स अनुबंधों के निपटान की वजह से भी बाजार में कुछ उतार-चढ़ाव रह सकता है। इस सप्ताह बाजार में सिर्फ तीन कारोबारी सत्र होंगे। शेयर बाजार सोमवार को 'होली' के मौके पर और शुक्रवार को 'गुड फ्राइडे' के अवसर पर बंद रहेंगे। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लि. के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, 'छुट्टियों की वजह से इस सप्ताह में कारोबार की मात्रा कम रहेगी। हालांकि, वित्त वर्ष का अंतिम सप्ताह होने तथा वायदा एवं विकल्प खंड में निपटान की वजह से बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है।' बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 188.51 अंक या 0.25 प्रतिशत के लाभ में रहा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 73.4 अंक या 0.33 प्रतिशत चढ़ गया। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, 'यह सप्ताह कम कारोबारी सत्रों का है।


हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

**ज्योतिष**

इंडिया के नं 1 तांत्रिक
गुरु भवानी जी
खुला चैलेंज 2 घंटो में घर बैठे फोन पर गारंटिड लाभ



7 इल्मों के माहिर
आपके विश्वास का एक ही नाम
21 सालों से एक ही स्थान पर
स्पे. महावशीकरण, मुठकरनी
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, वशीकरण ग्रहक्लेश, जादू-टोना, शादी कारोबार रुकावट, रुठे मनाना, किया-कराया पति-पत्नी अनबन, सौतन-दुश्मन छुटकारा, कोर्ट कचहरी आदि
9988289203

**ज्योतिष**

समस्या बताएं तुरंत समाधान पाये
नौकरी, व्यापार, मनचाहा प्यार, शादी, ग्रहकलेश, पति पत्नी में अनबन, सौतन-दुश्मनो से छुटकारा, मुकदमा रूठो को मनाना, तलाक में बाधा, बनते-बनते काम बिगड़ जाना, लव मैरिज आदि
दीपक शास्त्री
E-13, आर्य समाज रोड, उत्तम नगर, नई दिल्ली-59
8586896357

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**जॉब**

☞ भारतीय वनविभाग ने निकाला वामपर ऑफर, वनविभाग में 5070 सीट पर सीधी पक्की भर्ती, परमानेंट वैसेस पर (10th, 12th पास) लड़का लड़कियां आवेदन करें, पद-फॉरेस्टगार्ड क्लर्क, चपरासी, माली, सैलरी-(28670 से 35670), कॉल या व्हाट्सअप करे-9046968782


## राशिफल

**मेष:** मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृष:** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन:** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

**कर्क:** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह:** आत्मसंयत रहें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**कन्या:** मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकता है। भागदौड़ बढ़ सकती है। खर्च बढ़ेंगे।

**तुला:** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु शान्ति बताये रखने के लिए प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

**वृश्चिक:** मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**धनु:** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।

**मकर:** मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकते हैं। तनाव रहेगा।

**कुंभ:** मन शान्त तो रहेगा, परन्तु फिर भी संयत भी रहें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की अधिकता रहेगी।

**मीन:** मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

# ट्रूकॉलर लाया कॉल ब्लॉक करने का जबर्दस्त फीचर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कॉलर आईडी और स्पैम ब्लॉकिंग ऐप ट्रूकॉलर यूजर्स के लिए बड़े काम का फीचर लाया है। इस नए फीचर का नाम-एआई स्पैम ब्लॉकिंग है। यह फीचर यूजर्स के फोन पर आने वाले सभी स्पैम कॉल्स को एआई की मदद से ऑटोमैटिकली ब्लॉक करेगा। ट्रूकॉलर का यह 'मैक्स' अपडेट केवल ऐंड्रॉयड डिवाइसेज के लिए रोलआउट हुआ है। कंपनी ने इस फीचर को अभी अपने प्रीमियम सब्सक्राइबर्स के लिए रोलआउट किया है। यह फीचर एआई की मदद से स्पैम कॉल्स करने वाले उन नंबर्स को भी ब्लॉक कर देता है, जो ट्रूकॉलर के डेटाबेस में मौजूद नहीं हैं।



### आईओएस के लिए रोलआउट किया गया

नए फीचर को लेकर ऐसी संभावना भी है कि यह नॉन-स्पैम कॉल्स को भी ब्लॉक कर सकता है। इस बारे में कंपनी ने कहा कि ऐसा नहीं होगा और इसे पक्का करने के लिए यूजर इनपुट का भी सहारा लिया जाएगा। यह फीचर आईओएस के लिए रोलआउट नहीं किया जा रहा।

### बातचीत रिकॉर्ड कर सेव कर सकेंगे

इसे कंपनी आईओएस के साथ ही ऐंड्रॉयड डिवाइसेज पर भी ऑफर कर रही है। इस फीचर की मदद से यूजर ट्रूकॉलर ऐप के अंदर ही यूजर इनकमिंग और आउटगोइंग कॉल्स को रिकॉर्ड कर सकते हैं। ट्रूकॉलर के नए फीचर के लिए आपको इस ऐप के वर्जन नंबर 13.58 की जरूरत पड़ेगी। फीचर को ऐक्टिवेट करने के लिए ऐप की सेटिंग्स में दिए गए।

## शब्द पहेली - 5463



**बाएँ से दाएँ**
1.आरोपित, तथाकथ्य-5
4.प्रलय, वज्रपात-4
7.परिमाण, माप-2
8.प्लेट,तश्तरी-3
9.भीगा हुआ-2
10.वेश्या, गणिका-4
11.ज्वालामुखी से निकला द्रव पर्दाथ-2
13.अपवित्र (उर्दू-3)
14.दान करने वाला-2
15.आंचल-3
17.पंख-2
19.चाहे जो भी हो -5
22.अनूठापन,विचित्रता-5
25.उम्मीद,आस-2
26.अनाशवान,अक्षय-3
28.सुनील शेट्टी की पहली फिल्म-2
29.बंदर, मर्कट-3
30.सम्मान, आदर-2
32.करामात,करिश्मा-4
34.नवीन,नव-2
36.नसीरुद्दीन और अर्चना पूरणसिंह की फिल्म-3
37.शारीरिक ऊंचाई-2
38.भाग्य,लक-4
39.रावण,दशानन-5

**ऊपर से नीचे**
1.तपस्या-2
2.कॉफी-3
3.तरफदारी करनेवाला-5
4.जन जाति, झुंड-3
5.वोट-2
6.बढ़ई,खाती-4
7.जो मुनासिब न हो-5
10.भाग्य (उर्दू-4)
12.प्रतिज्ञा,वचन-2
16.राजा,राजन-3
17.क्षण-2
18.संपूर्ण,देवी का एक नाम-2
20.रनिवास (उर्दू-3)
21.नुकसान,घाटा-2
22.रजनी, रात्रि-2
23.अनुपम,बेजोड़-4
24.जिसे घर में ही कैद किया गया हो-5
25.आतंक फैलानेवाला-5
26.धरोहर,थाती-4
27.लक्ष्मी-2
31.निगाह,दृष्टि-3
33.बैचेनी,परेशानी,संघर्ष-3
35.लद्दाख में पाया जानेवाला बैल जैसा एक जानवर-2
37.टैक्स, हाथ-2

**शब्द पहेली- 5462 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ल | गा | म | | अ | | त | र | ब | त | र |
| ल | | त | म | स | | ह | म | ला | | खै |
| क | श | | | ल | | ल | | | का | ल |
| | ही | | क | हा | नी | का | र | | र | |
| ब | द | मा | श | | र | | च | म | क | ना |
| | | | ल | क्ष | | सी | ना | | | |
| र | त | ज | गा | | आ | | का | म | या | ब |
| | र | | ना | ना | स | सु | र | | च | |
| य | ह | | | म | | य | | | क | म |
| ह | | त | ना | व | | पा | य | ल | | हु |
| त | ल | ब | गा | र | | न | | ब | ल | वा |

## सूडोकु नवताल- 5474

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5473 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

# सैमसन की पारी से रॉयल्स ने सुपर जाइंट्स को 20 रन से हराया

- कप्तान सैमसन की नाबाद 82 रन की पारी
- पूरन-राहुल की फिफ्टी भी लखनऊ को नहीं जिता सकी

भाषा ⏭ जयपुर



कप्तान संजू सैमसन के नाबाद 82 रन की मदद से पूर्व चैम्पियन राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल के पहले मैच में लखनऊ सुपर जाइंट्स को 20 रन से हराया। सैमसन ने अपनी 52 रन की पारी में छह छक्के और तीन चौके लगाये। उन्होंने पावरप्ले में मिले दोहरे झटकों के बाद राजस्थान को संकट से निकाला। रियान पराग (43) ने उनके साथ तीसरे विकेट के लिये 93 रन की साझेदारी की। जीत के लिये 194 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए लखनऊ के लिये केएल राहुल (58) और निकोलस पूरन (नाबाद 64) ने अच्छी शुरूआत की लेकिन जीत तक नहीं पहुंचा सके। एक समय तीन विकेट 11 रन पर गंवाने के बाद लखनऊ सुपर जाइंट्स ने छह विकेट पर 173 रन बनाये। कप्तान राहुल ने क्रिकेट के मैदान पर वापसी करते हुए 44 गेंद में चार चौकों और दो छक्कों की मदद से 58 रन बनाये। उन्होंने पूरे 20 ओवर विकेटकीपिंग भी करके अपनी फिटनेस पर उठने वाले सारे सवालों का जवाब दिया। पूरन ने भी 41 गेंद में चार चौकों और चार छक्कों की मदद से 64 रन बनाये। लखनऊ की शुरूआत खराब रही और तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट तथा नांद्रे बर्गर ने उम्दा गेंदबाजी की। बोल्ट ने 35 रन देकर दो विकेट लिये जबकि बर्गर को एक विकेट मिला। लेग स्टम्प से बाहर जाती बोल्ट की गेंद को सीमारेखा के पार पहुंचाने के प्रयास में क्विंटोन डिकॉक वहां बर्गर को कैच दे बैठे। बोल्ट ने अगले ओवर में देवदत्त पड्डिकल को खाता खोले बिना आउटकिया। आयुष बडोनी (एक) को बर्गर ने मिड आन पर जोस बटलर के हाथों लपकवाया। पहले चार ओवर में लखनऊ ने तीन विकेट 11 रन पर गंवा दिये। दीपक हुड्डा ने राहुल के साथ चौथे विकेट के लिये 49 रन जोड़े। उन्होंने 13 गेंद में 26 रन बनाये लेकिन युजवेंद्र चहल की गेंद पर अपना विकेट गंवा दिया। रन बनाने के लिये जब प्रति ओवर 12 रन की जरूरत थी तब राहुल और पूरन ने भी कोई जोखिम नहीं लिया। राहुल ने 11वें ओवर में बर्गर को एक छक्का और दो चौके समेत 17 रन निकाले। वही बोल्ट के 13वें ओवर में पूरन ने दो छक्के और एक चौके समेत 13 रन निकाले। संदीप शर्मा ने राहुल का अहम विकेट लिया जिनका कैच स्वीपर कवर में ध्रुव जुरेल ने लपका। वहीं अश्विन ने मार्कस स्टोइनिस (3) को डीप मिडविकेट पर जुरेल के हाथों लपकवाया। आखिरी दो ओवर में लखनऊ को 38 रन की जरूरत थी। संदीप ने 19वें ओवर में सिर्फ 11 रन दिये। इससे पहले संजू सैमसन ने नाबाद 82 रन बनाकर राजस्थान को चार विकेट पर 193 रन तक पहुंचाया।

### रॉयल्स-193/4 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| यशस्वी का पंड्या बो खान | 24 |
| बटलर का राहुल बो उल हक | 11 |
| संजू सैमसन नाबाद | 82 |
| रियान का सब बो उल हक | 43 |
| हेटमायर का राहुल बो बिश्नोई | 05 |
| ध्रुव जुरेल नाबाद | 20 |

अतिरिक्त : 08
कुल : 20 ओवर में चार विकेट पर : 193 रन
विकेट पतन : 1-13, 2-49, 3-142, 4-150
गेंदबाजी: मोहसिन खान 4-0-45-1, नवीन उल हक 4-0-41-2, क्रुणाल पंड्या 4-0-19-0, रवि बिश्नोई 4-0-38-1, यश 3-0-43-0, बडोनी 1-0-6-0

### लखनऊ-173/6 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| डिकॉक का बर्गर बो बोल्ट | 4 |
| राहुल का जुरेल बो संदीप | 58 |
| देवदत्त पड्डिकल बो बोल्ट | 0 |
| आयुष का बटलर बो बर्गर | 1 |
| दीपक हुड्डा का जुरेल बो चहल | 26 |
| निकोलस पूरन नाबाद | 64 |
| स्टोइनिस का जुरेल बो अश्विन | 3 |
| कृणाल पंड्या नाबाद | 3 |

अतिरिक्त : 14 रन
कुल योग : 20 ओवर में छह विकेट पर 173 रन
गेंदबाजी: बोल्ट 4-0-35-2, बर्गर 3-0-30-1, अश्विन 4-0-35-1, आवेश 3-0-21-0, चहल 3-0-25-1, शर्मा 3-0-22-1



## गिल की कप्तानी में जीता गुजरात
# मुंबई का पहला मैच हारने का सिलसिला जारी

भाषा ⏭ अहमदाबाद

बल्लेबाजों के गैर जिम्मेदाराना प्रदर्शन के कारण मुंबई इंडियंस का आईपीएल में पहला मैच हारने का सिलसिला जारी रहा जबकि शुभमन गिल ने गुजरात टाइटंस के कप्तान के तौर पर छह रन से जीत के साथ पदार्पण किया। दो साल में आईपीएल का पहला मैच खेल रहे जसप्रीत बुमराह ने चार ओवर में 14 रन देकर तीन विकेट लिये जिसकी मदद से मुंबई इंडियंस ने गुजरात को छह विकेट पर 168 रन पर रोक दिया। बुमराह के शानदार प्रदर्शन को हालांकि बल्लेबाजों का साथ नहीं मिला। तिलक वर्मा और नये कप्तान हार्दिक पंड्या पूरी तरह से नाकाम रहे और मुंबई नौ विकेट पर 162 रन ही बना सकी। उसे आखिरी पांच ओवर में 43 रन चाहिये थे और उसके सात विकेट बाकी थे। मुंबई ने आईपीएल में आखिरी बार पहला मैच 2012 में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ जीता था। राशिद खान ने चार ओवर में 23 रन दिये और उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। अनुभवी मोहित शर्मा ने 32 रन देकर दो विकेट लेते हुए विविधता से मैच का पासा पलट दिया। स्पेंसर जॉनसन ने 25 रन देकर और उमेश यादव ने 32 रन देकर दो दो विकेट लिये। जॉनसन ने 19वें ओवर में और उमेश ने आखिरी ओवर में बेहतरीन गेंदबाजी की।

## खबर संक्षेप



### आंद्रे रसेल बेहतरीन स्ट्राइकर हैं : फिल

**कोलकाता।** आंद्रे रसेल ने अंतिम ओवरों में छक्के जड़कर कोलकाता नाइट राइडर्स को चुनौतीपूर्ण लक्ष्य तक पहुंचाया और उनके साथी फिल सॉल्ट का कहना है कि यह आल राउंडर अगर किसी दिन फॉर्म में आ जाये तो उस दिन दुनिया का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बन जाता है। रसेल ने शनिवार को 25 गेंद में सात छक्कों और तीन चौकों की मदद से 64 रन की पारी खेलकर केकेआर को सात विकेट पर 208 रन के स्कोर तक पहुंचाया। केकेआर की जीत के बाद कहा, 'मैं ड्रे (रसेल) के साथ 'द हंड्रेड' में खेल चुका हूं। वह गेंद के शानदार स्ट्राइकर हैं।'

### रमनदीप ने रसेल के लिए मंच तैयार किया



**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स के बल्लेबाज रमनदीप सिंह की पारी भले ही आंद्रे रसेल की छक्कों जड़ित तूफानी पारी के सामने नजरअंदाज हो गई। लेकिन सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच डेनियल विटोरी का मानना है कि उनकी 35 रन की पारी ने जमैका के विस्फोटक बल्लेबाज की मैच विजेता पारी के लिए मंच तैयार किया। रमनदीप 2022 में मुंबई इंडियंस के साथ प्रभावित नहीं कर सके थे लेकिन इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने बहुत ही नाजुक स्थिति में चार छक्के और एक चौका लगाकर 35 रन की पारी खेली।

### राणा पर मैच फीस का 60 प्रतिशत जुर्माना



**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स के तेज गेंदबाज हर्षित राणा पर सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ चार रन की जीत के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 60 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। इंडियन प्रीमियर लीग के बयान के अनुसार राणा ने शनिवार को आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 के नियमों का उल्लंघन किया। इसमें कहा गया, 'उन पर दो उल्लंघन के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत और 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया।''

# एमसीए अपने खिलाड़ियों पर करेगी पैसों की बारिश

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



मुंबई क्रिकेट संघ ने शनिवार को घोषणा की है कि वह टीम के सीनियर खिलाड़ियों के लिए आगामी 2024-25 सत्र से घरेलू क्रिकेट में बीसीसीआई द्वारा दी जाने वाली मौजूदा मैच फीस के बराबर राशि बढ़ाएगा। एमसीए अध्यक्ष अमोल काले ने यह घोषणा की। एमसीए ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य रणजी ट्रॉफी के अहमियत को बढ़ावा देना और एमसीए के अंतर्गत होने वाले लाल गेंद के क्रिकेट के विकास को बढ़ावा देना है।

एमसीए अध्यक्ष काले ने बीसीसीआई की घरेलू फीस के बराबर करने का प्रस्ताव रखा जिसे राज्य इकाई की शीर्ष परिषद ने सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया। काले ने कहा, 'एमसीए अगले सत्र से हर खिलाड़ी को रणजी ट्रॉफी मैच के लिए अतिरिक्त मैच फीस का भुगतान करेगा। हमें लगा कि खिलाड़ियों को अधिक कमाई करनी चाहिए, विशेषकर जो रणजी ट्रॉफी क्रिकेट खेलते हैं। हमारे लिए लाल गेंद का क्रिकेट बहुत मायने रखता है क्योंकि रणजी ट्रॉफी मुंबई में सभी के लिए एक विशेष स्थान रखती है।' यह घोषणा मुंबई द्वारा रिकॉर्ड 42वीं बार रणजी ट्रॉफी जीतने के एक हफ्ते के बाद की गयी है। मुंबई की जीत के बाद एमसीए ने भी बीसीसीआई द्वारा दी गयी पांच करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि के बराबर राशि दी थी।

# हरियाणा के मुक्केबाजों ने राष्ट्रीय चैंपियनशिप में पक्के किए 19 पदक

एजेंसी ⏭ ग्रेटर नोएडा

हरियाणा के 19 मुक्केबाजों ने दबदबे भरा प्रदर्शन जारी रखते हुए रविवार को यहां तीसरी सब जूनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक पक्के किए। हरियाणा की लड़कियों ने 10 जबकि लड़कों ने नौ वर्गों के सेमीफाइनल में जगह बनाई जिससे उनका कम से कम कांस्य पदक पक्का हो गया। लड़कियों के वर्ग में भूमि (35 किग्रा) और निश्चल शर्मा (37 किग्रा) ने विपरीत अंदाज में जीत के साथ हरियाणा के लिए अच्छे दिन की शुरुआत की।

भूमि ने दिल्ली की अपेक्षा को रेफरी द्वारा तीसरे दौर में मुकाबला रोकने के मात दी जबकि निश्चल ने तमिलनाडु की एस सारा को 3-2 से हराया। दीक्षा (40 किग्रा), दीया (61 किग्रा), सुखरीत (64 किग्रा) और मंशी मलिक (67+ किग्रा) ने सर्वसम्मत 5-0 के फैसले से जीत हासिल की। राखी (43 किग्रा) और नव्या (55 किग्रा) ने आरएससी (रैफरी द्वारा मुकाबला रोकना) से मुकाबले जीते। खुशिका (49 किग्रा) और नैतिक (52 किग्रा) सेमीफाइनल में पहुंचने वाली हरियाणा की अन्य मुक्केबाज रहीं।



### 5-0 से जीते उदय

*बालक वर्ग में अपनी जीत की लय जारी रखते हुए उदय सिंह (37 किग्रा) ने मिजोरम के जेरी वर्टे पर 5-0 से आसान जीत हासिल की। नितिन (40 किग्रा), रवि सिहाग (49 किग्रा), नमन (58 किग्रा), सिद्धांत (61 किग्रा) और कार्तिक डागर (70 किग्रा) ने 5-0 के फैसले के साथ अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले जीते। हरियाणा के संचित जयानी (46 किग्रा), लक्ष्य (52 किग्रा) और अनमोल दहिया (64 किग्रा) भी सेमीफाइनल में पहुंच गए।*

### पंत कुछ समय में फॉर्म हासिल कर लेगा : सिद्धू

**चंडीगढ़।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज नवजोत सिद्धू को भरोसा है कि कार दुर्घटना के बाद लगभग 15 महीने बाद पेशेवर क्रिकेट में वापसी करने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत जल्द ही फॉर्म में वापसी कर लेंगे। वह कार दुर्घटना से उबरने और 'रिहैबिलिटेशन' के कारण पिछले सत्र में नहीं खेल पाए थे लेकिन वापसी में दिल्ली कैपिटल्स का नेतृत्व कर रहे हैं। सिद्धू ने कहा, 'वह दिल्ली कैपिटल्स का नेतृत्व कर रहा है और विकेटों के बीच में अच्छी तरह दौड़ रहा है। वह अच्छा क्रिकेट खेल रहा है।

### पोरेल का प्रदर्शन दिल्ली के लिए अच्छा

**चंडीगढ़।** दिल्ली कैपिटल्स के सहायक कोच प्रवीण आमरे का कहना है कि मैदान पर खराब प्रदर्शन के कारण उनकी टीम को हार का सामना करना पड़ा। इस दौरान उनका एक मुख्य तेज गेंदबाज भी चोटिल हो गया जो उनके अभियान की अच्छी शुरुआत नहीं है लेकिन अभिषेक पोरेल की धमाकेदारी छोटी पारी सकारात्मक चीज है। दिल्ली कैपिटल्स ने अन्य बल्लेबाजों के विफल होने के बाद अंतिम ओवरों में पोरेल को 'इम्पैक्ट खिलाड़ी' के तौर पर उतारा। इस 25 साल के विकेटकीपर बल्लेबाज ने आते ही 10 गेंद में नाबाद 32 रन ठोककर अपनी टीम को नौ विकेट पर 174 रन का स्कोर बनाने में मदद की।

### श्रीकांत स्विस ओपन से बाहर, लिन से हारे



**बासेल।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत की स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में जीत की लय यहां चीनी ताइपे के लिन चुन यि से सेमीफाइनल में मिली हार के बाद खत्म हो गई। पूर्व नंबर एक श्रीकांत एक गेम की बढ़त के बावजूद शनिवार रात एक घंटे पांच मिनट तक चले अंतिम चार मुकाबले में लिन चुन यि से 21-15, 9-21, 18-21 से हार गए। इस हार से 210,000 डॉलर राशि के टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती भी समाप्त हो गई।

# चेन्नई में खेला जाएगा आईपीएल फाइनल! प्लेऑफ मैच के लिए दो मैदान शार्टलिस्ट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



इंडियन प्रीमियर लीग के 17वें सीजन की शुरुआत हो चुकी है और अब तक तीन मुकाबले खेले भी जा चुके हैं। लोकसभा चुनाव के कारण शुरुआती 21 मैचों का ही शेड्यूल जारी हुआ है। ऐसे में फैन्स को बाकी मैचों के शेड्यूल का बेसब्री से इंतजार है। बीसीसीआई आईपीएल 2024 के शेष मैचों के कार्यक्रम को अंतिम रूप दे चुका है और जल्द ही इसे जारी किया जाएगा। उधर आईपीएल 2024 के शेड्यूल को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक आईपीएल 2024 का फाइनल मुकाबला 26 मई को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला जा सकता है। वहीं अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में क्वालीफायर-1 और एलिमिनेटर आयोजित किया जाएगा, जबकि दूसरा क्वालीफायर चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में होगा। बता दें कि लीग स्टेज में तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमों के बीच एलिमिनेटर मैच होगा। क्वालीफायर-1 में हारने वाली टीम और एलिमिनेटर के विजेता के बीच क्वालीफायर-2 मैच का आयोजन होगा। फिर क्वालीफायर-1 और 2 के विजेताओं के बीच फाइनल मुकाबला आयोजित किया जाएगा।

### केन्या के ओबुया ने क्रिकेट लिया संन्यास

**नई दिल्ली।** केन्या के पूर्व कप्तान कोलिंस ओबुया ने संन्यास का ऐलान कर दिया है। अफ्रीकन गेम्स ब्रॉन्ज मेडल मैच में युगांडा के खिलाफ मिली हार के बाद उन्होंने यह फैसला लिया। युगांडा ने केन्या को 106 रन से हराया, जबकि जिम्बाब्वे ने नामिबिया को 8 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। बता दें कि कोलिंस ओबुया ने साल 2001 में वनडे डेब्यू साउथ अफ्रीका के खिलाफ मैच खेलकर किया था। आखिरी बार उन्होंने 50 ओवर के इस फॉर्मेट में स्कॉटलैंड के खिलाफ 2014 में किया था। दरअसल, 42 साल के कॉलिन ने साल 2003 विश्व कप में केन्या को श्रीलंका के खिलाफ मैच में 53 रन से जीत दिलाई थी। कॉलिन ने उस मैच में 5 विकेट लेकर श्रीलंकाई टीम की कमर तोड़कर रख दी थी। इसके बाद 2003 विश्व कप के सेमीफाइनल में केन्या को भारत के हाथों 91 रन से हार झेलनी पड़ी थी।

### बारबोजा के दो गोल से 2-0 से जीता दिल्ली



**कोझिकोड।** दिल्ली एफसी ने स्थानापन्न ब्राजीली स्ट्राइकर सर्गियो बारबोजा के दूसरे हाफ में किए गए दो गोल की मदद से यहां 10 खिलाड़ियों की गोकुलम केरला एफसी को आई लीग मुकाबले में 2-0 से शिकस्त दी। इस जीत से दिल्ली एफसी के 21 मैच में 26 अंक हो गये और वह तालिका में सातवें स्थान पर बनी हुई है। गोकुलम केरला के 22 मैच में 36 अंक हैं जिससे वह पांचवें स्थान पर है। शनिवार देर रात हुए मुकाबले में घरेलू टीम 40वें मिनट में 10 खिलाड़ियों की हो गई जब मशूर शेरिफ को टैकल के कारण लाल कार्ड मिला।

## बेंगलोर के गेंदबाजों ने पहले मैच में की लचर गेंदबाजी
# पंजाब के खिलाफ आरसीबी का मुकाबला आज

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने अभी तक इंडियन प्रीमियर लीग 2024 चरण में सिर्फ एक ही मैच खेला है लेकिन इसने उनकी गेंदबाजी की कमजोरी को उजागर कर दिया है। इससे सोमवार को यहां चिन्नास्वामी स्टेडियम में पंजाब किंग्स के खिलाफ होने वाले मैच में उन्हें गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की जरूरत होगी।

चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ इस चरण के शुरुआती मैच में तेज गेंदबाज आंख बंद करके शॉर्ट पिच गेंद फेंकने की रणनीति पर डटे रहे जबकि चेपॉक की पिच पर स्पिनरों के लिए ज्यादा कुछ नहीं था। आरसीबी के तीन स्पिनरों मयंक डागर, कर्ण शर्मा और ग्लेन मैक्सवेल ने मिलकर पांच ओवर फेंके और वे बल्लेबाजों को परेशान नहीं कर सके। इन तीनों ने मिलकर 37 रन देकर महज एक विकेट झटका।



### शीर्ष क्रम को करना होगा शानदार प्रदर्शन

आरसीबी ने शीर्ष क्रम के चरमराने के बाद सीएसके के खिलाफ छह विकेट पर 173 रन का स्कोर खड़ा किया। आरसीबी ने 75 रन पर पांच विकेट गंवा दिये थे लेकिन दिनेश कार्तिक और अनुज रावत ने सूझ समझ से खेलकर स्कोर 170 रन के पार कराया। लेकिन हर बार निचला क्रम विश्वसनीय साबित नहीं हो सकता क्योंकि विराट कोहली, कप्तान फाफ डुप्लेसी और ग्लेन मैक्सवेल जैसे सीनियर खिलाड़ियों को बड़ी पारी खेलनी ही होगी। रजत पाटीदार को भी निश्चित रूप से अच्छी पारी खेलनी होगी जिससे उनसे आगे वाले बल्लेबाजों को थोड़ी मदद मिले।

### छोटी बाउंड्री से चुनौती

*आरसीबी के स्पिनरों को यहां छोटी बाउंड्री और तेज आउटफील्ड पर मुश्किल परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार रहना होगा। इस स्टेडियम में ज्यादातर मौकों पर टीम ने एक पारी में 200 से अधिक रन जुटाये हैं और ऐसा 27 दफा हो चुका है तथा इस पिच पर आईपीएल में पहली पारी का औसत स्कोर 172 रहा है। इससे पंजाब किंग्स के खिलाफ आरसीबी के तेज गेंदबाजों को भी जिम्मेदारी से खेलना होगा। मोहम्मद सिराज, अल्जारी जोसफ और यश दयाल ने सीएसके के खिलाफ एक ओवर में दो बाउंसर डालने के अपने कोटे का पूरा इस्तेमाल किया लेकिन इस दौरान वे अपनी लाइन एवं लेंथ पर लगाम खो बैठे। यह उनके रन देने की गति से भी साफ दिखा। चौथे तेज गेंदबाज कैमरून ग्रीन ने कटर गेंदों का इस्तेमाल किया जिससे उन्हें दो विकेट मिले।*

# नए चेहरे आईपीएल में शुरू से ही छाप छोड़ेंगे : रोहित

एजेंसी ⏭ मुंबई



मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा को उम्मीद है कि इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी चरण के लिए उनकी टीम में शामिल किए गए नए खिलाड़ी शुरू से ही छाप छोड़ने में कामयाब होंगे। फ्रेंचाइजी का लक्ष्य नए कप्तान हार्दिक पंड्या की अगुआई में रिकॉर्ड छठा खिताब हासिल करना है।

पांच बार की आईपीएल चैम्पियन मुंबई इंडियंस ने इस बार दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएत्जी, अंडर-19 विश्व कप के अनकैप्ड स्टार क्वेना मफाका, इंग्लैंड के ल्यूक वुड, श्रीलंका के नुवान तुषारा, वेस्टइंडीज के रोमारियो शेफर्ड और अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी को शामिल किया है। भारतीयों में श्रेयस गोपाल को भी शामिल किया गया है। श्रीलंका के तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका के बाहर होने के बाद मफाका पिछले हफ्ते मुंबई शिविर में शामिल हुए जबकि वुड को आस्ट्रेलिया के चोटिल गेंदबाज जेसन बेहरेनडोर्फ की जगह शामिल किया गया।

## चिंतन

# होली के समरसता संदेश से सीखे देश की राजनीति

इस बार महापर्व होली इस समय है, जब देश भी लोकतंत्र का महापर्व मना रहा है। लोकसभा चुनाव का बिगुल बजा हुआ है, चुनाव प्रक्रिया जारी है, यूं तो इस बार लंबी प्रक्रिया है, लेकिन देश के दलों को, देश की राजनीति को और देश के नेताओं को रंगोत्सव होली के सदभाव, सौहार्द व भाईचारा संदेश पर अमल करने की सबसे अधिक जरूरत है। होली सदभाव व भाईचारे का त्योहार है, सामाजिक प्रेम, पारिवारिक प्रेम की अभिव्यक्ति का त्योहार है। हाल के दशक में भारतीय राजनीति में कटुता, वैमनष्यता और मनभेद जैसी बुराइयां बढ़ती गई है। न संसद में स्वस्थ बहस होती है, न विरोध की सीमा रही है, न नेताओं की भाषा की मर्यादा रही है, न राजनीतिज्ञों के बीच सदभाव व प्रेम रह गए हैं, सभी दल एक दूसरे के प्रति वैचारिक मतभेद के बजाय मनभेद पाले रहते हैं, अपने भाषणों में नेता अपने प्रतिद्वंद्वियों के लिए अशोभनीय भाषा का इस्तेमाल करते हैं। देश में राजनीतिक माहौल इतने खराब हो गए हैं कि इससे देश के सामाजिक माहौल बिगड़ने लगे हैं। राजनीतिक वैमनष्यता के चलते देश में सामाजिक असहिष्णुता बढ़ती गई है। देश में पहले से ही सामाजिक विसंगतियां हैं, जाति-उपजाति व धार्मिक खांचे में सामाज में विभाजन है, ऐसे में अगर राजनीतिक विभाजन भी बढ़ता जाएगा तो राष्ट्र की एकता, अखंडता, सामाजिक समरसता आदि खतरे में पड़ सकते हैं। होली जैसे त्योहार सभी नागरिकों को आपसी मतभेद मिटाकर प्रेम से जीने के सामाजिक संदेश देते हैं। संयोग की बात है कि अभी रमजान का पाक महीना भी चल रहा है, इस त्योहार का संदेश भी सामाजिक भाईचारा बढ़ाने का है। रमजान की समाप्ति पर देश में ईद मनाई जाएगी, उस दौरान भी देश में लोकसभा चुनाव जारी रहेगा। ऐसे में देश के नेताओं को होली व ईद से सामाजिक सौहार्द व भाईचारा सीखने की जरूरत है। अपनी संकुचित राजनीति के लिए अगर कोई नेता, या दल सामाजिक व धार्मिक विभाजन को बढ़ावा देता है, तो आवाम को ऐसे नेता, ऐसे दल का बहिष्कार करना चाहिए। लोकतंत्र के असली सूत्रधार नागरिक हैं, इसलिए नागरिकों में राष्ट्रीय मूल्यों, सामाजिक मूल्यों व सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति चेतना होनी चाहिए। नागरिकों में यह समझ होनी चाहिए कि नेता व दल अगर गलत बोल रहे हैं, गलत कर रहे हैं, तो ऐसों को किनारा करना जरूरी है। नागरिक अपने क्षेत्र, परिवार, समाज, देश आदि के प्रति जितना अधिक सचेत होंगे, गलत लोग लोकतांत्रिक सिस्टम से उतने बाहर होंगे। इसलिए होली का समाज को जोड़कर रखने का संदेश देश की राजनीतिक, दलों, नेताओं व नागरिकों, सबके लिए अनुकरणीय है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को रंगों के त्योहार होली की शुभकामनाएं दी हैं, जिसमें उन्होंने कहा है कि स्नेह और सद्भाव के रंगों से सजा यह पारंपरिक पर्व सभी के जीवन में नई ऊर्जा और नया उत्साह लेकर आए। पीएम के संदेश व्यापक अर्थ में है, इस अर्थ के मर्म को सरकार को भी समझना चाहिए, सत्ता पक्ष को भी समझना चाहिए, विपक्ष को भी समझना चाहिए, देश की राजनीति को भी समझना चाहिए और सभी स्वायत्त निकायों को भी समझना चाहिए। आज देश में राजनीतिक सदभाव, राजनीतिक भाईचारा, राजनीतिक समरसता, स्वस्थ राजनीति की अधिक जरूरत है। होली के बहाने देश की राजनीति के रंग को सौहार्दपूर्ण बनाने की जरूरत है और सामाजिक व सांस्कृतिक समरसता बढ़ाने की आवश्यकता है।



होली पर्व
डॉ. विनोद कुमार यादव

# होली के बहाने फूहड़ता न हो

> होली पर्व का सीधा संबंध मनुष्य-जीवन की जीवंतता से है। होली एकमात्र ऐसा महोत्सव है, जिसमें परंपरागत रीति-रिवाज, पौराणिक मान्यताएं, फाग की मस्ती और होरी-गायन सब रंग मौजूद हैं। दुनिया के तमाम मुल्कों में जितने पर्व मनाए जाते हैं, उनमें होली जैसा निराला उत्सव ढूंढने से भी नहीं मिलता। ब्रजमंडल के बरसाना व नंदगांव को होली-सेलिब्रेशन का कुंभ माना जाता है। गिले-शिकवे त्यागकर निश्छल अपनापन और मैत्री को विस्तार देने वाला त्योहार और दूसरा नहीं है। हमें मिलकर गंभीरता से सोचना चाहिए कि होली के सुअवसर पर किसी न किसी बहाने फूहड़ता और अश्लीलता फैलाने वालों पर लगाम कैसे कसी जाए।

होली पर्व का सीधा संबंध मनुष्य-जीवन की जीवंतता से है। असलियत में होली के सेलिब्रेशन में इतनी समग्रता मौजूद है कि इसके रंगों में तमाम तरह के भेदभाव, पुरानी कटुता, वर्जनाएं व पूर्वाग्रह घुलकर मस्ती भरे मैत्री-अनुराग में तब्दील हो जाते हैं। होली के रंग शरीर के अलावा आत्मा को भी भिगोते हैं। होली एकमात्र ऐसा महोत्सव है, जिसमें परंपरागत रीति-रिवाज, पौराणिक मान्यताएं, फाग की मस्ती और होरी-गायन सब रंग मौजूद हैं। दुनिया के तमाम मुल्कों में जितने पर्व मनाए जाते हैं, उनमें होली जैसा निराला उत्सव ढूंढने से भी नहीं मिलता। दरअसल, राग-रंग, प्रेम और सौहार्द का यह पर्व वसंत ऋतु का संदेशवाहक भी है। वसंत ऋतु के फागुन मास में जब पूरा प्राकृतिक परिवेश नए सृजन से सज धजकर, रंग-बिरंगे फूलों की छटा बिखेरता हुआ मदमासी बयार से स्त्री-पुरुषों के चित्त को स्पर्श करता है तो यह एहसास होने लगता है कि होली के उत्सव का आगाज हो चुका है।

गौरतलब है कि ब्रजमंडल के बरसाना व नंदगांव को होली-सेलिब्रेशन का कुंभ माना जाता है। असल में कृष्ण का व्यक्तित्व बहुआयामी है। उनका पूरा जीवन संघर्षों से भरा पड़ा है, इसके बावजूद भी वह जिंदगी के हरेक पड़ाव का पूरा लुफ्त उठाते हैं, और पूरे फागुन महीने तक नंदगाव से बरसाना राधा व उसकी सखियों से हास-परिहास करने, रास-रंग खेलने व फागुनी मस्ती करने आते हैं। आज भी नंदगांव के पुरुष हुरियारे बनकर कृष्ण के प्रतिनिधि के तौर पर बरसाने की महिलाओं से पानी की बाल्टी में घुली हुई पीली मिट्टी से व लट्ठमार होली खेलने आते हैं, और तमाम तरह के जातिगत व लिंग आधारित भेदभावों को दरकिनार करते हुए होली के रस-रंग में डूबे रहते हैं, और खुशी-खुशी ब्रजनारियों की लाठियों के प्रहारों को सहते हुए यह लोकगीत गाते हैं- 'फाग खेलने बरसाने आए नटवर नंदकिशोर। छाय रही छवि घटा रंगीली, ढोल-मृदंग बजाए हैं बंशी की घनघोर। बरसाने की लट्ठमार होली का आयोजन एक तरह से पुरुष-प्रधान समाज में पुरुषों के वर्चस्व को तोड़ते हुए समाज में महिलाओं की मजबूत स्थिति का परिचायक है। दरअसल, कृष्ण पहले समाज-सुधारक हैं, जो इस उत्सव के आयोजन के बहाने नारी जाति को उन सामाजिक बंधनों से मुक्ति दिलाने का अवसर प्रदान कर रहे हैं, जिनकी वजह से नारीशक्ति अबला बनकर बेचारगी की जिंदगी बसर कर रही थी। कृष्ण ऐसे प्रखर मनोचिकित्सक भी हैं, जो यह भली भांति समझते हैं यदि स्त्री-पुरुषों के अवचेतन में वर्षभर के दौरान संग्रहीत होने वाले कामजनित भावों को विरेचन का पर्याप्त अवसर न मिले तो समाज में कदाचार फैलता है, लोगों के पथभ्रष्ट होने का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए ब्रजमंडल की महिलाओं और पुरुषों ने फागुनी मस्ती में तमाम वर्जनाओं को दरकिनार कर, स्वच्छंद होकर 'गालियों' को भी इस पर्व की परंपरा से जोड़ा है। कृष्ण गोपियों के साथ उधम मचाकर उन्हें गालियां देने के लिए विवश करते हैं, गोपियां गीत गाती हुई कहती हैं-'मत मार श्याम पिचकारी, अब देऊंगी तोय गारी'। होली की ऐतिहासिकता यह दर्शाती है कि इसकी मदहोशी के रंगों



से सिर्फ वही तरबतर होता है जिसने खोखली धर्मांधता और अतिवादी सोच को तिलांजलि दे दी है। जीवन के रंग और जीने के ढंग के लिए जरूरी है होली जैसी उत्सवधर्मिता। होली के इस निराले स्वरूप का भरपूर मजा मुगल बादशाहों ने भी लिया।

इतिहास में भी दर्ज है कि अकबर फागुन का महीना शुरू होते ही रंगोत्सव की तैयारी प्रारंभ करवा देता था। होली के दिन अकबर के दरबान सोने- चांदी के बड़े- बड़े कलशों को केसर और टेसू का रंग घोलकर भर देते, और दिनभर बादशाह महल के परिसर में अपनी बेगमों व सगे-संबंधियों से रंगों की होली खेलने में व्यस्त रहता, तमाम हिंदू-मुस्लिम मेहमानों का स्वागत उम्दा ठंडाई व मिठाइयों से किया जाता। जहांगीर भी अपने महल में होली के अवसर पर महफिल-ए-होली उत्सव का आयोजन करता था, इस मौके पर मुशायरा और कव्वालियों की महफिल सजती थी। इतना ही नहीं मुगल शासक शाहजहां होली को ईद-ए-गुलाबी यानी रंगों की बौछार के रूप में धूमधाम से मनाता था। मुगलकालीन इतिहास से ज्ञात होता है कि होली के अवसर पर लाल किले के पिछवाड़े यमुना नदी के किनारे होली के अवसर पर पारस्परिक सौहार्द के प्रतीक के रूप होली-मिलन मेले का आयोजन होता था। दरअसल, अतीत की परंपरागत व पुरातनपंथी मान्यताओं से हटकर, होली हर्षोल्लास, हास-परिहास व मदमस्त होकर नर्तन करता हुआ एक ऐसा सतरंगी उत्सव है जो मथुरा के ब्रजमंडल तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह पर्व भारत के सुदूर पूर्वी प्रांतों-मणिपुर, असम, नगालैंड व मेघालय से लेकर कैरीबियन देशों-गुआना, सूरीनाम, ट्रिनिडाड व टोबैगो में बड़ी धूमधाम और मौज मस्ती के साथ मनाया जाता है।

गौरतलब है कि कैरिबियन देशों में सूरीनाम की 37 फीसदी आबादी और गुआना की 33 फीसदी आबादी हिंदू है। असलियत में होली का त्योहार अपने भीतर इतनी जीवंतता लिए हुए है कि इसकी उत्सवधर्मिता को किसी विशेष जाति, धर्म या राष्ट्र की परिधि में बांधना बेहद मुश्किल है। होली के दिन गुआना में नेशनल होलिडे रहता है, और उत्तर प्रदेश व बिहार की शैली में गुआना के शहरी क्षेत्र से लेकर गांवों तक यहां के निवासी अबीर-गुलाल, रंग- पिचकारी, नृत्य और संगीत के जरिये 'फगुआ' मनाते हैं। दरअसल, गुआना व सूरीनाम के प्रवासी हिंदुस्तानियों के वंशज 19वीं सदी में गिरमिटिया मजदूर के तौर पर उत्तर प्रदेश व बिहार से वहां जाकर बसे थे। ट्रिनिडाड व टोबैगो में भी होली का आयोजन भारतीय अंदाज में होता है। होली की मस्ती का आलम कैरिबियाई देशों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि नेपाल व श्रीलंका में में लोग अबीर-गुलाल, व पिचकारी में रंग भरकर फाग खेलते हैं।

थाईलैंड के बौद्ध समाज में होली मनाने का ढंग बिल्कुल हिंदुस्तानी है, बस यहां की बौद्ध सोसायटी मंक होली पालि में एक अलग नाम 'सांग्क्रान' के रूप में पॉपुलर है। इस अवसर पर थाईलैंड के निवासी एक-दूसरे पर रंगों की बौछार करते हैं और मठों में जाकर भिक्षुओं को दान देते हैं। नेपाल की तराई में होली फाल्गुन पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है, नेपाल में होली मनाने का तरीका ठीक उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा और राजस्थान जैसा ही है, जिस तरह से भारत के इन प्रांतों में होली का आगाज फाल्गुन पूर्णिमा से आठ दिन पहले गांव के बीच में एक स्थान विशेष पर लकड़ी का डंडा गाड़कर होता है, जिसे स्थानीय भाषा में होली का डंडा कहा जाता है। वैसे ही नेपाल में एक तालाब के किनारे होली से आठ दिन पहले होली का डंडा गाड़ कर इस उत्सव की तैयारी शुरू हो जाती है। गिले-शिकवे त्यागकर निश्छल अपनापन और मैत्री को विस्तार देने वाला त्योहार और दूसरा नहीं है। हमें मिलकर गंभीरता से सोचना चाहिए कि होली के सुअवसर पर किसी न किसी बहाने फूहड़ता और अश्लीलता फैलाने वालों पर लगाम कैसे कसी जाए।

(लेखक सामाजिक चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## विशेष
डॉ. घनश्याम बादल




# बचाने होंगे मर्यादा के रंग

अपनत्व और खुशी के रंगों से सराबोर करने की परम्परा का नाम है होली। सही मायनों में समझें तो होली केवल रंग बिखेरने या गुलाल लगा देने भर का त्यौहार नहीं वरन वैर भाव को धो डालने वाला जश्न है। ऐसा जश्न जो ऊंच-नीच, बड़े-छोटे, अपने-पराए के अंतर को मिटा देता है। यदि ऐसे हम होली मनाते हैं तो वह अंग्रजी का 'होली ' यानी पावन पर्व बन जाता वरना तो बस परंपरा निवर्हण मात्र है। यह कैसी होली! एक निगाह डालिए अपने चारों तरफ क्या सच में हम अनुराग और प्रेम की होली मना रहे हैं ? क्या किसी भी तरह से हम मिथकों में वर्णित प्रहलाद रूपी भक्ति व भलाई को जला देने के लिए अपने वरदान का दुरुपयोग करने वाली होलिका का दहन अपने मन से कर पा रहे हैं? क्या हम चाहते हैं कोई पड़ोसी या अजनबी हमारे घर होली पर आए? हमारी बहनों, भाभियों या बहू बेटियों के साथ रंग खेले? शायद नहीं। अब नहीं क्यों? इसका जवाब भी हम जानते ही हैं। अगर होली को सच में 'होली भाव' से मनाने की मानसिकता हम विकसित कर लें तो बहुत सी अनैतिकता की बीमारियां तो स्वयमेव ही जल जाएंगी। अब होली जैसे रंग, मस्ती और प्रेम के पर्व यूं ही नहीं बनाए गए थे। हमारी संस्कृति में पर्व हमें अपनों और प्रकृति के समीप लाने का मौका देते थे। एक समय था जब होली के पर्व से करीब सवा महीने पहले वसंत पंचमी को होली का उपला रख दिया जाता था। फिर गांव गलियों में मस्तों की टोलियां 'फगवा' 'कामण' या 'धमाल' गाते हुए घर-घर जाती और होली का ईंधन इकट्ठा करती थी। इसका भी एक सबब था सबका सहयोग लेना सबका योगदान पाना और इकट्ठे होकर मन के सारे पापों, गिले शिकवों को होली की आग में जला डालना होता था तब होली का मतलब। आज क्या है सोचिए। चलिए चालीस, पचास या साठ के दशक की होली की एक झलक की कल्पना करें। फगवा के गीतों के नाम पर कितनी गालियां बरसती थी तब पर कोई बुरा नहीं मानता था, क्योंकि तब ये गालियां प्रेम पगी होती थी। मन के साफ गंगाजल से नहा कर आती थी। उनमें खुन्नस या किसी के अपमान का भाव नहीं, अपनापन था। अलग प्रदेशों में अलग अलग ढंग से होली आधार की स्थापना की जाती है पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पांच उपले रख कर तो राजस्थान के जयपुर, सीकर, चुरु व झुंझुनूं सहित शेखावाटी में एक मोटा डंडा गाड़ कर प्रहलाद के रूप में होलिका का आधार रखा जाता है और फिर प्रतिदिन सवा महीने तक प्रतिदिन ईंधन जमा करके लोकगीत व नृत्य 'गींदड़' आयोजित किए जाते हैं डांडिया रास से मिलता जुलता नृत्य और मुंह में दो अलगोजे लेकर जब वातावरण में मधुर स्वर लहरी गूंजती है तो पूरा वातावरण ही सरस हो उठता है। वैसे ऐसा भी नहीं है कि होली के नाम पर बस गंदगी हो आज भी कुछ सांस्कृतिक रूप से समृद्ध इलाकों में वहां के लोग होलिका के पर्व की महत्ता को जानते हैं। यही वजह है कि आज भी बृज की लठ्ठमार होली, बस्तर की पत्थरमार होली, हरियाणा की कोड़ामार होली, राजस्थान की गाढ़े गुलाबी रंग की 'गैर' मथुरा की राधाकृष्ण होली व पंजाब के होलामहला का रंग आज भी सर चढ़कर बोलता है और वातावरण में 'होली आई रे कन्हाई, रंग बरसे बजा दे बांसुरी जैसे सुमधुर गीत सुनाई देते हैं। होली जहां एक और मनोविकारों के दहन का पर्व माना जाता है वहीं ओझा, तांत्रिक व टोने -टोटके वाले भी इस दिन मायाजाल फैलाते हैं, इसलिए इस दिन अपने बच्चों का खास ख्याल रखना जरूरी है। उत्तर भारत के बहुत से गांवो में आज भी उल्लास के साथ न केवल होलीपूजन होता है वरन वहां अब भी रात में होली के गीत की गूंजते हैं। होलिका को सूत की डोर से बांधकर हल्दी, बेर, बताशे आदि से पूजा जाता है और रात्रि में शुभ मुहुर्त में होलिका दहन किया जाता है। वहां आज भी माना जाता है कि होलिका के दहन करने से मनुष्य के सारे पाप उसकी अग्नि में जल जाते हैं। आज के ही दिन नए अनाज की प्रथम आहुति भी अग्निदेव को अर्पित करते हैं, मगर खेद का विषय है कि होलिका के पर्व का असली जश्न अब वाले उन्ही अंचलों में रह गया है जहां अभी भौतिक प्रगति के पांव पूरी तरह से नहीं पड़े हैं। अधिकांश क्षेत्रों में तो होलिका का पर्व हो-हुल्लड़ या फिर धींगा मस्ती का पर्याय बन कर रह गया है। रंगों की जगह कैमिकल्स, गोबर कीचड़ व अन्य हानिकारक पदार्थों ने होली की गरिमा को लगातार कम किया है वहीं बढ़ती शराबखोरी, भांग व ड्रग्स का इस्तेमाल इस पावन पर्व को अपवित्र कर रहा है। होली के बहाने छेड़छाछ.व अश्लीलता पर रोक लगाने का प्रयास अगर नहीं किया गया तो होली का आनंद व पर्व दोनों ही संकट में पड़ जाएंगे। होली के मान, मर्यादा व मस्ती के बीच संतुलन बनाना होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## शांति से सभी दुखों को खत्म किया जा सकता है



संकलित
**दर्शन**

हम स्वयं शांति के सर्वश्रेष्ठ प्रहरी हैं। हमें कोई दूसरा व्यक्ति या वस्तु या स्थान शांति दे सकता है, यह एक काल्पनिक विचार है। हम स्वयं शांति से रह सकते हैं और दूसरों को भी शांतिपूर्वक रख सकते हैं। शांति एक मानवीय गुण तो है ही, लेकिन यह आत्मिक शक्ति है। शांति सभी सुखों की मूल है। इससे सभी वैभव एवं ऐश्वर्य की पूर्ति संभव है। शांति द्वारा सभी दुखों का शमन किया जा सकता है। इससे हर रोग का निदान होता है। शांति का माध्यम सभी समस्याओं का समाधान तैयार करता है। शांति ही देश का निर्माण करती है, वहीं अशांति से देश का पतन आरंभ होता है। शांति और अशांति के बीच समाज, समुदाय, वर्ग, कौम, जाति और संस्थाएं गतिहीन हो जाती हैं। देश की उन्नति, विकास और पुनर्निर्माण के लिए शांति का वातावरण अनिवार्य है। शांति एक शब्द मात्र नहीं है। शांति को मन मंदिर में बसाने वाले लोग देव तुल्य होते हैं। इसलिए स्वयं भी शांति के प्रहरी बनिए और दूसरों को भी शांति दूत बनाइए। यही संसार के मंगल का भेद है। शांति से बड़ी कोई दौलत नहीं है। परिवार में शांति एक वट वृक्ष की तरह है, जिसकी छाया में आनंद की अनुभूति पाई जा सकती है। अशांति कालांतर में अग्नि के समान जीवन के हर अंग को भस्म कर देती है। मानवता का मूल इसी शांति के गर्भ में स्थिर है। यदि जीवन को सुख और वैभव से संपन्न करना हो तो निश्चित ही शांति की पूजा करनी होगी।

## लक्ष्मी जी कहां निवास करतीं हैं



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार की बात है, राजा बलि समय बिताने के लिए एकान्त स्थान पर गधे के रूप में छिपे हुए थे। देवराज इन्द्र उनसे मिलने के लिए उन्हें ढूँढ रहे थे। एक दिन इन्द्र ने उन्हें खोज निकाला और उनके छिपने का कारण जानकर उन्हें काल का महत्व बताया। साथ ही उन्हें तत्वज्ञान का बोध कराया। तभी राजा बलि के शरीर से एक दिव्य रूपात्मा स्त्री निकली। उसे देखकर इन्द्र ने पूछाः दैत्यराज! यह स्त्री कौन है? देवी, मानुषी अथवा आसुरी शक्ति में से कौन-सी शक्ति है? राजा बलि बोलेः देवराज! ये देवी तीनों शक्तियों में से कोई नहीं हैं। आप स्वयं पूछ लें। इन्द्र के पूछने पर वे शक्ति बोलीं: देवेन्द्र! मुझे न तो दैत्यराज बलि जानते हैं और न ही तुम या कोई अन्य देवगण। पृथ्वी लोक पर लोग मुझे अनेक नामों से पुकारते हैं। जैसे- श्री, लक्ष्मी आदि। इन्द्र बोलेः देवी! आप इतने समय से राजा बलि के पास हैं लेकिन ऐसा क्या कारण है कि आप इन्हें छोड़कर मेरी ओर आ रही हैं? लक्ष्मी जी बोलीं: देवेन्द्र! मुझे मेरे स्थान से कोई भी हटा या डिगा नहीं सकता है। मैं सभी के पास काल के अनुसार आती-जाती रहती हूँ। जैसा काल का प्रभाव होता है मैं उतने ही समय तक उसके पास रहती हूँ। अर्थात मैं समयानुसार एक को छोड़कर दूसरे के पास निवास करती हूँ। इन्द्र बोलेः देवी! आप असुरों के यहाँ निवास क्यों नहीं करतीं? लक्ष्मी जी बोलीं: देवेन्द्र! मेरा निवास वहीं होता है जहाँ सत्य हो, धर्म के अनुसार कार्य होते हों, व्रत और दान देने के कार्य होते हों।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**वन हैं तो हम हैं**

21 मार्च को अंतरराष्ट्रीय वन दिवस मनाया गया। दुनिया भर में इस उपलक्ष्य में प्रोग्राम आयोजित किए गए। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वनों की सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 28 नवंबर 2012 को हर वर्ष 21 मार्च को अंतरराष्ट्रीय वन दिवस के रूप में मनाने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया था। तब से हर वर्ष की 21 मार्च को यह दिवस मनाया जाता है। वन हैं तो हम हैं। जो वृक्ष हमें फल नहीं देते हैं, वो भी बहुत महत्वपूर्ण होते हैं, क्योंकि ये हमें जीवित रहने के लिए ऑक्सीजन बिना किसी मूल्य के देते हैं। लेकिन बहुत अफसोस है कि अब वनों की संभाल के लिए लापरवाही बरती जा रही है।

- **रमेश त्यागी**, महासमुंद

## करंट अफेयर

# गाजा में सहायता भेजने की आवश्यकता है : गुतारेस



संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने गाजा जाने का इंतजार कर रहे ट्रकों की लंबी कतार के पास खड़े होकर शनिवार को कहा कि यह गाजा को अधिक से अधिक मात्रा में जीवनरक्षक सहायता देने का समय है और उन्होंने इजराइल एवं हमास के बीच तत्काल संघर्ष विराम का आग्रह किया। संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने गाजा के रफह शहर के निकट मिस्र की सीमा में यह बात कही। इजराइल तमाम चेतावनियों के बावजूद रफह में जमीनी हमला शुरू करने की योजना पर काम कर रहा है। गाजा की आधी से ज्यादा आबादी ने वहां शरण ले रखी है। गुतारेस ने कहा कि आगे कोई भी हमला हालात को और भी बदतर बना देगा। उन्होंने कहा कि हालात सिर्फ फलस्तीनी नागरिकों के लिए बदतर नहीं होंगे, बल्कि बंधकों और क्षेत्र के सभी लोगों के लिए भी बदतर होंगे। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में तत्काल संघर्ष विराम के लिए अमेरिका प्रयोजित प्रस्ताव पर सहमति नहीं बनने के एक दिन बाद यह बात कही। गुतारेस ने गाजा में सहायता सामग्री पहुंचाने में आ रही दिक्कतों को बार-बार रेखांकित किया जिसके लिए अंतरराष्ट्रीय राहत एजेंसी इजराइल को जिम्मेदार ठहरा रही हैं। उन्होंने कहा, 'हम मायूसी देख रहे हैं.. सीमा के एक ओर रुके हुए ट्रकों की लंबी कतार है और दूसरी तरफ भुखमरी का साया।'

## ऑफ बीट

# तापमान बढ़ने से दक्षिण की और जा रही प्रजातियां



पारिस्थितिकी विज्ञानियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण प्रश्नों में से एक यह समझना है कि जलवायु के तेजी से बदलने के साथ पारिस्थितिकी तंत्र कैसे बदलेगा। हम पहले ही देख रहे हैं कि पौधों और पशुओं की कई प्रजातियां बढ़ते तापमान के कारण ऊपरी स्थानों और ध्रुवों की ओर जा रही हैं। इसकी बहुत ज्यादा संभावना है कि ज्यादातर प्रजातियां अपने पसंदीदा तापमान वाले स्थानों की तलाश में निकलेंगी, लेकिन अजीब बात यह है कि कई प्रजातियां मौजूदा तापमान से कहीं अधिक तापमान में भी जीवित रह सकती हैं। हम अभी तक पूरी तरह से नहीं समझ पाए हैं कि तापमान पारिस्थितिकी तंत्र को इतनी दृढ़ता से क्यों प्रभावित करता है। इस पहेली पर प्रकाश डालने के लिए हमारे नए शोध में ऑस्ट्रेलियाई पौधों की नई श्रृंखला का इस्तेमाल किया गया और प्रत्येक प्रजाति की न्यूनतम व अधिकतम तापमान प्राथमिकताओं की गणना की गई है। ये आंकड़े हमें बताते हैं कि औसतन वार्षिक तापमान में 15 डिग्री सेल्सियस से 16 डिग्री सेल्सियस तक बदलाव के कारण कितनी प्रजातियां खो चुकी हैं या पैदा हुई हैं। परिणाम आश्चर्यजनक हैं। ऑस्ट्रेलिया के नमी वाले पूर्वी तट में तापमान में 1 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने पर औसतन 19 फीसदी और प्रजातियां मिली और 14 प्रतिशत प्रजातियां लुप्त हो गईं।

## ट्रेंड

### तत्काल रिहाई का समय



गाजा के लोगों पर भय और भुखमरी का संकट मंडरा रहा है। कोई भी और हमला सब कुछ बदतर बना देगा। फिलिस्तीनी नागरिकों के लिए, बंधकों के लिएइससे भी बदतर। यह तत्काल मानवीय युद्धविराम और बंधकों की तत्काल रिहाई का समय है।

**-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव**

### ऐसा नहीं होने दूंगा



डोनाल्ड ट्रंप अफोर्डेबल केयर एक्ट को रद करने से सिर्फ एक वोट दूर थे।अब, वह इसे "समाप्त" करने के लिए फिर से प्रयास करने और मेडिकेयर और सामाजिक सुरक्षा में कटौती करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। मैं ऐसा नहीं होने दूंगा।

**-जो बाइडेन, अमेरिकी राष्ट्रपति**

### हिस्सेदारी न्याय लाई कांग्रेस



कांग्रेस पार्टी हिस्सेदारी न्याय क्यों लाई है? भारत के एक प्रतिशत सबसे अमीर लोग राष्ट्रीय आय का 22.6 प्रतिशत का लुत्फ उठाते हैं। ये मोदी सरकार में हुआ है। 2014 और 2022 के बीच अरबपतियों की नेट संपत्ति 280% से अधिक बढ़ी है।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### रामलीला मैदान गवाह बनेगा



इंडिया यानी भारत एकजुट होकर केजरीवाल की राजनीतिक गिरफ्तारी का विरोध करेगा। सभी भारतीय दल 31 मार्च को एक संयुक्त मेगा रैली आयोजित करेंगे। रामलीला मैदान लोकतंत्र को बचाने एकजुटता के साथ खड़े होने के लिए लाखों लोगों को एक साथ आने का गवाह बनेगा।

**-राघव चड्ढा, आप सांसद**

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : **haribhoomi@gmail.com**
वेब-साइट : www.haribhoomi.com




# 2 मौजूदा सांसदों का काट दिया टिकट और दल बदलकर पार्टी में आए 2 नेताओं को दिया टिकट, भाजपा 17 सीटों पर लड़ रही लोकसभा चुनाव

## जद(यू) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वशिष्ठ नारायण सिंह ने की घोषणा, पार्टी को गठबंधन में मिली थीं इतनी ही सीटें

### जेडीयू ने 16 उम्मीदवारों की सूची जारी की

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

बिहार के सीएम नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल (यूनाइटेड) ने अपने 16 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर दी है। जेडीयू ने दो मौजूदा सांसदों का टिकट काटा है और दल बदलकर पार्टी में आए दो नेताओं को टिकट दिया है। जद(यू) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वशिष्ठ नारायण सिंह ने पार्टी के कई अन्य वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में यहां यह घोषणा की। भाजपा बिहार में 17 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ रही है, वहीं जदयू को 16 सीटें गठबंधन के तहत मिली हैं। चिराग पासवान की पार्टी को 5 सीट, जीतन राम मांझी की पार्टी को एक सीट और उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी को भी एक सीट मिली है।जेडीयू ने पिछड़े और अति पिछड़े वर्ग के 11 उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। 3 सवर्ण जाति को टिकट दिया है। 1 अल्पसंख्यक और 1 हरिजन जाति को टिकट दिया है। काराकाट से महाबली सिंह, गया से विजय मांझी, सीतामढ़ी से सुनिल कुमार पिंटू, सिवान से कविता सिंह का नाम कट गया है उनकी जगह पर राजलक्ष्मी कुशवाहा को उम्मीदवार बनाया गया है।

**एनडीए का घटक दल है जनता दल यूनाइटेड**

- चिराग पासवान की पार्टी को यहां 5 सीटें दी गईं माझी को एक
- उपेंद्र कुशवाहा को भी एक सीट गठबंधन के तहत मिली



#### इन संसदीय क्षेत्रों की घोषणा की

जेडीयू कैंडिडेट्स लिस्ट शिवहर, सीतामढ़ी, वाल्मीकिनगर, सुपौल, मधेपुरा, जहानाबाद, सीवान, गोपालगंज, पूर्णिया, किशनगंज, कटिहार, मुंगेर, बांका, भागलपुर, नालंदा और झंझारपुर सीटें शामिल की गई हैं। जदयू लिस्ट के अनुसार शिवहर से लवली आनंद, सीतामढ़ी से देवेश चंद्र ठाकुर, वाल्मीकिनगर से सुनील महतो, सुपौल से दिलेश्वर कामत, मधेपुरा से दिनेश चंद्र यादव, जहानाबाद से चंदेश्वर प्रसाद, कटिहार से दुलालचंद गोस्वामी, मुंगेर से ललन सिंह, बांका से गिरधारी यादव, भागलपुर से अजय मंडल, नालंदा से कौशलेंद्र कुमार और झंझारपुर से रामप्रीत मंडल, सीवान से विजयालक्ष्मी देवी, गोपालगंज से आलोक सुमन, पूर्णिया से संतोष कुशवाहा और किशनगंज से मास्टर मुजाहिद आलम को पार्टी ने मौका दिया है।

### यूपी की 16 सीटों के लिए बासपा ने किया नामों का ऐलान

बहुजन समाज पार्टी ने उत्तर प्रदेश की लोकसभा सीटों के लिए कैंडिडेट्स के नामों का ऐलान किया है। बीएसपी कैंडिडेट्स



लिस्ट जिन सीटों के जारी की गई है उनमें सराहनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर समेत 16 लोकसभा सीटें शामिल हैं। लोकसभा चुनाव के लिए बीएसपी ने रामपुर सीट से मुस्लिम उम्मीदवार को टिकट दिया है। ये बीएसपी उम्मीदवारों की पहली सूची है। जिसमें पार्टी ने कैंडिडेट्स लिस्ट में गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, सहारनपुर समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश की 16 सीटों के लिए कैंडिडेट्स के नाम घोषित किए हैं।

#### किसे कहां से मौका?

बसपा ने बागपत से प्रवीण बंसल, गौतमबुद्ध नगर से राजेंद्र सिंह सोलंकी, बुलंदशहर से गिरीश चंद्र जाटव, सहारनपुर से माजिद अली, कैराना से श्रीपाल सिंह, मुजफ्फरनगर से दारा सिंह प्रजापति, बिजनौर से विजेन्द्र सिंह, नगीना से सुरेंद्र पाल सिंह, मुरादाबाद से मोहम्मद इरफान सैफी, अमरोहा से मुजाहिद हुसैन, मेरठ से देववृत त्यागी, रामपुर से जीशान खां, सम्भल से शौलत अली, आंवला से आबिद अली, शाहजहांपुर से दोदराम वर्मा पीलीभीत से अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू को टिकट दिया है।

#### 7 मुस्लिम प्रत्याशी होने से इंडिया गठबंधन का बिगड़ेगा खेल

बसपा द्वारा पहली सूची जारी करने से चंद घंटों पहले कांग्रेस ने भी अपनी पहली सूची जारी की थी। दोनों दलों के इस फैसले से उनके बीच गठबंधन होने के कयास खत्म हो चुके हैं। बसपा सुप्रीमो मायावती के इस फैसले से साफ हो गया है कि बसपा सपा- कांग्रेस गठबंधन को कड़ी चुनौती देने जा रही है। 7सीटों पर मुस्लिम वोटों का बंटवारा त्रिकोणीय मुकाबला होने का स्पष्ट संदेश दे रहा है।

### पुनर्विचार करें, आंबेडकर का फैसला दुर्भाग्यपूर्ण



#### गठबंधन टूटते ही राउत बोले

लोकसभा चुनाव से पहले महाराष्ट्र की राजनीति में हलचल मचती दिख रही है। वंचित बहुजन अघाड़ी प्रमुख प्रकाश आंबेडकर कह चुके हैं कि उद्धव शिवसेना के साथ गठबंधन अब अस्तित्व में नहीं है। अब उद्धव के नेतृत्व वाली शिवसेना के नेता संजय राउत ने इस निर्णय को एकतरफा और दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया और कहा है कि आंबेडकर को इस बारे में पुनर्विचार करना चाहिए। राउत ने कहा उद्धव और आंबेडकर ने गठबंधन का ऐलान किया था।

#### 26 मार्च को ऐलान करेंगे आंबेडकर

आंबेडकर की पार्टी वंचित बहुजन अघाड़ी ने महा विकास अघाड़ी के तीन सहयोगियों- शिवसेना (उद्धव बाल ठाकरे), कांग्रेस और राकांपा (शरद चंद्र पवार) के साथ हाथ मिलाने पर विचार किया। यहां पेंच यह फंसा सीट बंटवारे को लेकर बातचीत से कोई निर्णय नहीं निकला। आंबेडकर ने कहा कि वह 26 मार्च को अपने अगले कदम का ऐलान करेंगे।

#### महाविकास अघाड़ी में आंतरिक कलह उजागर

उन्होंने वंचित बहुजन अघाड़ी और महा विकास अघाड़ी के बीच बातचीत को लेकर सीधा जवाब नहीं दिया। आंबेडकर ने यह भी दावा किया कि महाविकास अघाड़ी के सहयोगियों में आंतरिक कलह खत्म नहीं हो रही है। उन्हें कभी भी 4सीटों का प्रस्ताव नहीं दिया गया। शिवसेना (उद्धव ठाकरे) और राकांपा (शरद पंवार) के रवैए को लेकर भी नाराजगी जताई थी। इस दौरान उन्होंने महाराष्ट्र में 7 लोकसभा सीटों पर कांग्रेस को समर्थन देने की बात भी कही थी।

**कांग्रेस का चुनावी रण**

### 35 साल से भाजपा का गढ़: इंदौर में कांग्रेस ने नया-नवेला चेहरा उतारा

**इंदौर(मप्र) (भाषा)।** 35 साल से इंदौर लोस सीट पर जीत की बाट जोह रही कांग्रेस ने भाजपा का मजबूत गढ़ कहे जाने वाले इस क्षेत्र में नए-नवेले चेहरे अक्षय बम (45) को उम्मीदवार बनाया है। बम ने राजनीतिक करियर में अब तक एक भी चुनाव नहीं लड़ा है। उन्हें इंदौर से ऐसे वक्त उम्मीदवार बनाया गया है, जब जिले में कांग्रेस के तीन पूर्व विधायकों समेत पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव से पहले पाला बदलकर भाजपा में शामिल हो चुके हैं। इंदौर सीट पर बम की मुख्य चुनावी भिड़ंत भाजपा के निवर्तमान सांसद शंकर लालवानी (62) से होनी है।



#### 5वीं सूची में राजस्थान से दो और महाराष्ट्र से एक का ऐलान किया

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** कांग्रेस ने रविवार को तीन कैंडिडेट्स के नामों का ऐलान किया। इसमें राजस्थान से दो और महाराष्ट्र से एक कैंडिडेट है। राजस्थान में जयपुर से प्रताप सिंह खाचरियावास को टिकट दिया गया है। जयपुर से पहले सुनील शर्मा को टिकट दिया गया था। वहीं, दौसा से विधायक मुरारी लाल मीणा को उम्मीदवार बनाया गया है। कांग्रेस ने महाराष्ट्र की चंद्रपुर सीट पर प्रतिभा धनोरकर को टिकट दिया है। 2019 लोकसभा चुनाव में चंद्रपुर सीट पर प्रतिभा के पति सुरेश धनोरकर जीते थे। पिछले साल मई में सुरेश का निधन हो गया था। कांग्रेस ने 23 मार्च को 45 नामों का ऐलान किया था। अब तक कांग्रेस 186 उम्मीदवारों का ऐलान कर चुकी है।

#### असमः लखीमपुर से उदय शंकर हजारिका को उतारा

**गुवाहाटी(भाषा)।** कांग्रेस ने असम के लखीमपुर लोकसभा क्षेत्र से उदय शंकर हजारिका को अपना उम्मीदवार बनाया है। हजारिका ने कुछ महीने पहले भाजपा छोड़ दी थी और वह कांग्रेस में शामिल हो गए थे। उनका मौजूदा भाजपा सांसद प्रधान बरुआ के साथ सीधा मुकाबला होने की संभावना है। इस निर्वाचन क्षेत्र में 19 अप्रैल को पहले चरण में मतदान होना है। कांग्रेस राज्य की 14 में से 13 सीट पर चुनाव लड़ रही है। पार्टी ने 12 मार्च को 12 सीट पर उम्मीदवारों की घोषणा की थी लेकिन लखीमपुर के लिए उम्मीदवार की घोषणा नहीं की गई थी। कांग्रेस डिब्रूगढ़ में असम जातीय परिषद (एजेपी) को समर्थन दे रही है। निवर्तमान लोकसभा में राज्य से कांग्रेस के तीन सांसद हैं, जबकि भाजपा के नौ सांसद हैं और एक सीट एआईयूडीएफ (ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट) और एक निर्दलीय के पास है।



#### मणिपुरः जेएनयू के प्रोफेसर व पूर्व विधायक को टिकट

**इंफाल (भाषा)।** कांग्रेस ने चुनावों के लिए आंतरिक मणिपुर लोस सीट से जेएनयू के प्रोफेसर अंगोमचा बिमोल अकोइजाम और बाहरी मणिपुर लोकसभा सीट से पूर्व विधायक अल्फ्रेड कन्नगम आर्थर को टिकट दिया है। अकोइजाम ने भड़की जातीय हिंसा पर अपनी अकादमिक अंतर्दृष्टि के लिए लोकप्रियता हासिल की। पार्टी के पूर्व विधायक आर्थर तांगखुल नगा बहुल उखरुल जिले से हैं। आर्थर का बाहरी मणिपुर सीट पर नगा पीपुल्स फ्रंट (एनपीएफ) के उम्मीदवार और भारतीय राजस्व सेवा के पूर्व अधिकारी के टिमोथी जिमिक से मुकाबला है। यह सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। ®भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बाहरी मणिपुर सीट पर अपनी सहयोगी एनपीएफ को समर्थन देने की घोषणा की है। राज्य की दो सीट पर लोकसभा चुनाव दो चरणों में होंगे। आंतरिक मणिपुर सीट पर 19 अप्रैल को मतदान होगा।





### चंदन तस्कर वीरप्पन की बेटी भी लोस चुनाव में ताल ठोक रहीं



एजेंसी ▸▸| चेन्नई

*कुख्यात चंदन तस्कर वीरप्पन की बेटी विद्या रानी तमिलनाडु में 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव में अपना भाग्य आजमाएंगी। वह नाम तमिझार काची (एनटीसी) की तमिल राष्ट्रवादी पार्टी के टिकट पर कृष्णागिरी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगी। पेशे से वकील, विद्या रानी जुलाई 2020 में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुईं थीं। यहां उन्हें तमिलनाडु बीजेपी युवा शाखा के उपाध्यक्ष का पद मिला था, लेकिन हाल ही में अभिनेता-निर्देशक सीमान के नेतृत्व वाले एनटीके में शामिल होने के लिए उन्होंने बीजेपी छोड़ दी थीं।*

**पेशे से हैं वकील चलाती हैं स्कूल**

#### पिता वीरप्पन को देती हैं कामयाबी का श्रेय

*पेशे से वकील विद्या रानी, कृष्णागिरि में बच्चों का एक स्कूल चलाती हैं और बेंगलुरु से उनका गहरा नाता है क्योंकि उन्होंने शहर में पांच साल का लॉ कोर्स किया था। यहां उनके कई दोस्त भी हैं। हालांकि वह अपने पिता वीरप्पन से केवल एक बार मिली है। विद्या रानी कहती हैं कि पिता वीरप्पन ने ही उनके जीवन को नई दिशा दी। वह कहती हैं कि जब वह तीसरी कक्षा में थीं तब तमिलनाडु-कर्नाटक सीमा पर गोपीनाथम में अपने दादा के घर पर अपने पिता से पहली और आखिरी बार मिलीं थीं।*

### भाजपा की 111 प्रत्याशियों की पांचवी लिस्ट जारी, कई बड़े नाम

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** भाजपा ने लोकसभा प्रत्याशियों की पांचवी लिस्ट जारी कर दी है। 111 प्रत्याशियों की इस सूची में हिमाचल प्रदेश के मंडी से कंगना रनोट, यूपी के मेरठ से अरुण गोविल, पुरी से संबित पात्रा को टिकट दिया गया है। झारखंड के दुमका से सीता सोरेन, यूपी के गाजियाबाद से अतुल गर्ग को प्रत्याशी बनाया गया है। पश्चिम बंगाल में भाजपा ने संदेशखाली केस की पीड़ित को टिकट दिया है। उत्तर प्रदेश के पीलीभीत से वरुण गांधी का टिकट कट गया है। यहां से कांग्रेस से भाजपा में आए जितिन प्रसाद को उतारा गया है। वरुण की मां मेनका गांधी को सुल्तानपुर से टिकट दिया गया है। बदायूं से स्वामी प्रसाद मौर्य की बेटी की जगह दुर्विजय शाक्य को टिकट दिया गया है। भाजपा अब तक 402 प्रत्याशियों के नाम का ऐलान कर चुकी है। इससे पहले चार लिस्ट में 291 प्रत्याशियों की घोषणा हो चुकी है।



**प्रधान, मेनका, कंगना, मेरठ से अरुण गोविल और बंगाल में संदेशखाली केस की पीड़ित को टिकट**

**वीके सिंह, अश्विनी चौबे, वरुण गांधी का कटा टिकट**

**प्रियंका ने चुनावी बॉन्ड पर उठाए सवाल**

### देश के इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ, पूरी जानकारी दें

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने चुनावी बॉन्ड को लेकर भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 38 कॉरपोरेट्स ने चुनावी बॉन्ड के माध्यम से भाजपा को 2,004 करोड़ रुपए दान किए। देश के इतिहास में कभी भी किसी सरकार ने भ्रष्टाचार को कानूनी वैधता नहीं दी।उन्होंने कहा कि 16 शेल कंपनियों ने भाजपा को 419 करोड़ का चंदा दिया। इनमें ऐसी कंपनियां भी शामिल हैं जिन्होंने अपनी कुल पूंजी का कई गुना दान किया। देश के इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ कि कोई सरकार भ्रष्टाचार को कानून की वैधता दे और देश की सारी एजेंसियों और सारे तंत्र को एक वसूली रैकेट में बदल दे। जनता को हिसाब देना चाहिए।

#### अमेठ व रायबरेली में कांग्रेस उम्मीदवारों को लेकर संशय बरकरार

**लखनऊ (भाषा)।** गांधी-नेहरू परिवार के सियासी गढ़ रहे रायबरेली और अमेठी लोकसभा क्षेत्र के लिए कांग्रेस की तरफ से गांधी परिवार के सदस्यों की उम्मीदवारी को लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है। पार्टी द्वारा शनिवार को जारी की गई उत्तर प्रदेश की नौ सीट के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची में रायबरेली और अमेठी को शामिल नहीं किया गया है। इससे इन दोनों ही लोकसभा क्षेत्रों में नेहरू-गांधी परिवार के सदस्यों के उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतरने की आस लगाए कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं का इंतजार और बढ़ गया है।

**कांग्रेस के वरिष्ठ नेता का दावा**

### 'इंडिया' गठबंधन एकजुट, 272 का आंकड़ा पार करेंगेः जयराम रमेश



भाषा ▸▸| नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश का कहना है कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के ''पलटी मारने'' और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी के अकेले लड़ने के बावजूद विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' एकजुट है और यह (बहुमत का) 272 का आंकड़ा पार करेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विपक्ष के खिलाफ भ्रष्टाचार के विमर्श को ''खोखला'' करार देते हुए खारिज किया। रमेश ने पत्रकारों के साथ बातचीत में यह भी कहा कि विपक्ष एकजुट होकर चुनाव में 272 का आंकड़ा पार करेगा और भाजपा को सत्ता से बाहर कर देगा। उन्होंने चुनावी बॉण्ड, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और झारखंड के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने वाले झामुमो नेता हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी सहित कई मुद्दों पर बात की। साथ ही उन्होंने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा के क्रमशः अमेठी और रायबरेली से लोकसभा चुनाव लड़ने की अटकलों पर भी अपने विचार साझा किए। बुनियादी ढांचा संबंधी ठेके मिलने के बाद एक भाजपा सांसद द्वारा चुनावी बॉण्ड खरीदे जाने का दावा करते हुए रमेश ने कहा, ''चुनावी बॉण्ड योजना के काम करने के तरीके को देखें। 4,000 करोड़ रुपये के बॉण्ड सीधे तौर पर चार लाख करोड़ रुपये के ठेकों से जुड़े हुए हैं। चुनावी बॉण्ड और

**आरएलएम को मिला सिंबल**

#### गैस सिलेंडर होगा चुनाव चिह्न

लोकसभा चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग ने उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) को



चुनाव चिह्न दे दिया है। कुशवाहा की पार्टी का चुनाव चिह्न गैस सिलेंडर होगा। कुशवाहा की पार्टी एनडीए की घटक दल है और उन्हें सीट शेयरिंग में सिर्फ एक ही सीट मिला है। उनकी पार्टी सिर्फ काराकाट सीट से ही चुनाव लड़ेगी। कुशवाहा एक और सीट की मांग कर रहे थे। वे चाहते थे कि उन्हें सुपौल या फिर सितामढ़ी में से एक और सीट पर उन्हें चुनाव लड़ने दिया जाए पर ऐसा नहीं हुआ।

**पशुपति पर चिराग बोले**

#### परिवार-पार्टी से अलग होने का फैसला चाचा ने किया



लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान अपनी मां के साथ दिल्ली से पटना पहुंचे। एनडीए में 5 सीटें मिलने पर चिराग पासवान काफी खुश दिखे। पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस के नाराजगी के सवाल पर चिराग ने कहा कि परिवार और पार्टी से अलग होने का फैसला उनका था। चाचा का एनडीए में क्या बात हुई? यह हम नहीं जानते हैं।

**मोदी से मुलायम तक नेताओं के बयानों की हुई देशभर में चर्चा**

### बयान जिनसे किसी को मिली सत्ता तो कभी कोई गंवा बैठा प्रतिष्ठा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव अपने पूरे रंग में आ चुका है। पिछले चुनाव के वक्त नेताओं के बयान और भाषणों पर पहले भी खूब चर्चाएं हुईं। मुरादाबाद की धरती से भी खूब बयान और भाषण दिए गए हैं, जिसकी चर्चा देश भर में हुई। पीएम मोदी ने मुरादाबाद में एक जनसभा के दौरान कहा कि मैं फकीर हूं झोला उठाकर चला जाऊंगा। इतना ही नहीं मुलायम सिंह ने लड़के हैं गलती हो जाती है वाला बयान भी मुरादाबाद में ही दिया था। कांग्रेस की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और वर्तमान में भाजपा से सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने पूर्व मुख्यमंत्री मायावती पर आपित्तजनक टिप्पणी की थी। जिसे लेकर प्रदेश भर में खूब हंगामा और बवाल हुआ था। अभिनेत्री एवं पूर्व सांसद जयाप्रदा पर सपा सासंद डॉ. एसटी हसन ने अभद्र टिप्पणी कर दी थी।



**हम तो फकीर हैं झोला उठाकर चल देंगे : मुरादाबाद।** आठ नवंबर 2016 को नोटबंदी का कड़ा फैसला करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन दिसंबर 2016 को मुरादाबाद में रैली को संबोधित करने पहुंचे थे। कुछ वक्त बाद यूपी के विधानसभा चुनाव होने थे। उन्होंने मंच से से कहा था हमेशा राशन की लाइनों में लगे हो, जगह - जगह कतारें लगाई हैं, बस एक आखिरी बार इन कतारों को और झेल लो। इसके बाद देश बदल जाएगा। इसी बीच उन्होंने कहा था कि मैं तो फकीर हूं, झोला उठाकर चल दूंगा। पीएम नरेंद्र मोदी यह बयान खूब चर्चित हुआ था। खासकर पाकिस्तानी मीडिया में मोदी के इस डायलॉग को खूब दिखाया गया था।

#### मुलायम सिंह ने कहा था, लड़के हैं गलती हो जाती है

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने 10 अप्रैल 2014 को मुरादाबाद में एक रैली को संबोधित किया था। इस दौरान उन्होंने कहा, लड़कियां पहले दोस्ती करती हैं। लड़के-लड़की में मतभेद हो जाता है। मतभेद होने के बाद उसे दुष्कर्म का नाम दे देती हैं। लड़कों से गलतियां हो जाती हैं। क्या दुष्कर्म के केस में फांसी दी जाएगी। उनके इस बयान का देश भर में खूब विरोध हुआ था।

**रीता बहुगुणा जोशी हुई थी गिरफ्तार :** कांग्रेस की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं वर्तमान में भाजपा सांसद रीता बहुगुणा जोशी 15 जुलाई 2009 में मुरादाबाद आई थीं। नया मुरादाबाद स्थित एक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री मायावती पर रेप की घटनाओं को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। उस वक्त मायावती प्रदेश की मुख्यमंत्री थीं। बयान मीडिया की सुर्खियां बनीं तो पुलिस हरकत में आई और रीता बहुगुणा जोशी को गाजियाबाद से गिरफ्तार कर लिया था। मायावती समर्थकों ने रीता का घर जला डाला था।

#### जयाप्रदा के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी

*सपा नेता आजम खां ने 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान रामपुर में भाजपा की प्रत्याशी जयाप्रदा के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। चुनाव के बाद मुरादाबाद में मुस्लिम डिग्री कॉलेज में सपा की ओर से एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया था। यहां आजम ने जया पर तंज कसते हुए कहा था कि जिसे मैं रामपुर लेकर आया था, उसकी असलियत जानने में आप लोगों को 17 साल लगे। मैं 17 दिनों में ही जान गया था कि इनके नीचे का जो अंडरवियर है वह खाकी रंग का है।*

#### कलक्टर-पलक्टर से मत डरियो

2019 में सपा और बसपा ने गठबंधन में लोकसभा चुनाव लड़ा था। रामपुर सीट सपा के खाते में आई थी और सपा ने आजम खां को प्रत्याशी बनाया था। चुनाव प्रचार के दौरान आजम खां ने एक सभा में लोगों से कहा था कि सब डटे रहो, कलक्टर-पलक्टर से मत डरियो, ये हैं तनखैया.. हम इनसे नहीं डरते हैं। उनका यह बयान सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था।

### येदियुरप्पा के बेटे के खिलाफ एफआईआर

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के पूर्व सीएम बीएस येदियुरप्पा के बेटे राघवेंद्र येदियुरप्पा



मुश्किलें बढ़ सकती हैं। चित्रदुर्ग में आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज हुआ है। पूर्व सीएम के बेटे बीवाई राघवेंद्र शिवमोग्गा से मौजूदा सांसद है। भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए इस सीट से इस बार भी टिकट देकर चुनाव मैदान में उतारा है।

### द्रमुक सांसद गणेशमूर्ति अस्पताल में भर्ती



**इरोड।** तमिलनाडु के इरोड से मौजूदा लोकसभा सांसद द्रमुक के गणेशमूर्ति को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां डॉक्टरों ने उनकी हालत गंभीर बताई है। इस बारे में पुलिस ने बताया कि सुबह करीब साढ़े नौ बजे गणेशमूर्ति को बेचैनी महसूस हुई थी, जिसके बाद उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com

Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25




**कर्नाटक सरकार ने दायर की याचिका, मांगा अनुदान**

# सुप्रीम कोर्ट से गुहार, हम सूखे से परेशान, सुन नहीं रहा केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकार ने उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर कर केंद्र को गंभीर सूखे की स्थिति से जूझ रहे राज्य को राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि (एनडीआरएफ) के तहत तुरंत अनुदान जारी करने का निर्देश देने का अनुरोध किया है। उन्होंने केंद्र पर गंभीर सूखे की चपेट में होने के बावजूद कर्नाटक को धनराशि जारी करने संबंधी आग्रह पर ध्यान नहीं देने का आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने के लिए मजबूर है। सिद्धरमैया ने यहां कहा कि पांच महीने के इंतजार के बाद आज कर्नाटक सरकार ने केंद्र के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में रिट याचिका दायर की। याचिका संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत भारत सरकार को एनडीआर धनराशि तुरंत जारी करने का निर्देश देने के लिए दायर की गई।

# जेएनयू छात्र संघ चुनाव में लेफ्ट की चारों पदों पर जीत



धनंजय प्रेसिडेंट | अविजीत वाइस प्रेसिडेंट | स्वाति जनरल सेक्रेटरी | साजिद जॉइंट सेक्रेटरी

**नई दिल्ली।** जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी स्टूडेंट यूनियन (जेएनयू) चुनाव में लेफ्ट ने चारों सीटों प्रेसिडेंट, वाइस प्रेसिडेंट, जनरल सेक्रेटरी और जॉइंट सेक्रेटरी पर जीत हासिल की है। वहीं, एबीवीपी को हार का सामना करना पड़ा। 2973 वोट पाकर धनंजय स्टूडेंट यूनियन के प्रेसिडेंट बने। उन्होंने एबीवीपी के उमेश चंद्र अजमीरा को 934 वोटों से हराया। वाइस प्रेसिडेंट अविजीत घोष ने 2649 वोट पाकर एबीवीपी की दीपिका शर्मा को 1104 वोटों से हराया। जनरल सेक्रेटरी के पद पर स्वाति ने जीत हासिल की। यहां लेफ्ट की प्रियांशी आर्य को 3307 और एबीवीपी के अर्जुन आनंद को 2309 वोट मिले। पोस्ट पर लेफ्ट कैंडिडेट मोहम्मद साजिद 2893 वोट पाकर जीत हासिल की। वहीं, एबीवीपी के गोविंद दांगी को 2496 वोट मिले। जेएनयू में इस बार 4 साल बाद चुनाव हुए हैं।

## रक्षामंत्री ने लद्दाख को 'वीरता की राजधानी' बताया

# राजनाथ ने जवानों के साथ मनाई होली, बोले-यह सबसे सुखद क्षण

भाषा ▶▶ लेह

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने केंद्र शासित प्रदेश के लद्दाख के लेह में जवानों संग होली मनाई। लेह एयरपोर्ट पर लद्दाख के उपराज्यपाल बीडी मिश्रा, प्रशासन व सेना के उच्च अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। राजनाथ सिंह के साथ सेना प्रमुख मनोज पांडे भी होली मनाने पहुंचे। रक्षा मंत्री ने लेह में 'हॉल ऑफ फेम' पर देश की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले जवानों को याद करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की।

रक्षा मंत्री ने जवानों को गुलाल लगाते हुए उन्हें मिठाई खिलाई। राजनाथ ने कहा कि यह उनके लिए सबसे सुखद क्षण है। इससे पहले रक्षा मंत्री के विश्व के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन जाने की खबर थी। लेकिन, मौसम में हुए बदलाव के कारण उन्हें सियाचिन दौरे में बदलाव करना पड़ा। तह उन्होंने लेह जाने का प्लान बनाया और यहां पहुंचे। राजनाथ ने कहा कि पर्व-त्यौहार पहले सियाचिन और कारगिल की चोटियों पर मनाए जाने चाहिए, राजस्थान के तपते रेतीले मैदान में मनाए जाने चाहिए, हिंद महासागर की गहराई में स्थित पनडुब्बी मैं तो चाहता हूं कि सैनिकों के साथ ऐसा सेलिब्रेशन हमारी संस्कृति का एक अभिन्न हिस्सा बन जाए।

**बॉर्डर पर खूब उड़े गुलाल, सेना प्रमुख मनोज पांडे रहे मौजूद**



### आप उत्कृष्ट काम कर रहे

राजनाथ सिंह ने कहा कि आप उत्कृष्ट काम कर रहे हैं। आप दुश्मन से लड़ने और अपने सीने पर गोली खाने के लिए तैयार हैं और इस वजह से देश को लोग शांतिपूर्वक होली मना सकते हैं।'' सिंह ने कहा, ''मुझे लगता है कि आप सभी दुश्मनों से हमारी रक्षा करते हुए हमारे लिए रक्षा करने वाले ईश्वर से कम नहीं हैं।'' उन्होंने सशस्त्र बलों तथा उनके परिवारों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता दोहरायी। उन्होंने कहा, ''आपकी, आपके बच्चों और माता-पिता की देखभाल करना हमारा कर्तव्य है। जिस उत्साह से आप इस देश के लिए काम कर रहे हैं, हमारी सरकार उसी उत्साह से देश की ताकतों के लिए काम कर रही है।

### यह सबसे खुशी का पल

सिंह ने कहा कि जब पांच साल पहले वह रक्षा मंत्री बने थे तो उन्होंने सबसे पहले सियाचिन का दौरा किया था। उन्होंने कहा, ''आज, खराब मौसम के कारण सियाचिन जाना संभव नहीं है। इसलिए, मैं वहां तैनात सभी सैनिकों को होली की शुभकामना देता हूं।'' उन्होंने कहा कि जवानों के साथ होली खेलना उनके लिए सबसे खुशी के पलों में से एक है।

**हमले के बाद पुतिन का देश को संदेश कहा**

# मौत देने वालों को मौत ही मिलेगी

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

मॉस्को कॉन्सर्ट हॉल में आतंकी हमले के बाद रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने देश को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इस हमले को अंजाम देने वाले बख्शे नहीं जाएंगे। पुतिन ने कहा आतंकवादियों को रूस से भगाने के लिए यूक्रेन ने तैयारी की थी। हालांकि यूक्रेन ने अपने ऊपर लगे आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। पुतिन ने मॉस्को कॉन्सर्ट हॉल पर हमले को बेहद ही दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए इसकी निंदा की। उन्होंने इस हमले में आम नागरिकों को पहुंचे नुकसान के लिए खेद जताया। पुतिन ने इस भयावह घटना के पीड़ितों के सम्मान में 24 मार्च को राष्ट्रीय शोक दिवस की घोषणा की है। राष्ट्रपति पुतिन के संबोधन में स्थिति की गंभीरता और पीड़ितों को न्याय दिलाने की बात कही। बता दें, मॉस्को कॉन्सर्ट हॉल पर हुए हमले में कम से कम 140 लोगों की जान चली गई, जबकि कई दर्जन लोग घायल हो गए।



*जिसने भी हमले में आतंकियों की मदद की उन्हें भी छोड़ेंगे नहीं*

### यूक्रेन की राजधानी पर सबसे बड़ा हवाई हमला

**कीव।** रूस ने पिछले चार दिन में यूक्रेन पर तीसरा बड़ा मिसाइल हमला किया है। यूक्रेन की राजधानी कीव और ल्वीव के पश्चिमी क्षेत्र पर रविवार तड़के बडा हवाई हमला किया गया। उधर, पोलैंड की सेना ने कहा कि पश्चिमी यूक्रेन में दागी गई मिसाइलों में से एक उसके हवाई क्षेत्र में घुस गई। रूस ने टीयू-95एमएस रणनीतिक बमवर्षकों से दागी गई क्रूज मिसाइलों का इस्तेमाल किया। रूस ने रात भर में उसके क्षेत्र में 29 क्रूज मिसाइलें और 28 ड्रोन दागे हैं।







Authorised Dealers: Haryana: Ambala Cantt: Haryana Motors, Ph: 9289923122, Ambala City: Dhruv Hero, Ph: 9289922868, Assandh: Sandhu Hero, Ph: 9289922815, Bahadurgarh: Satvik Hero, Ph: 9289922550, Bhiwani: Jaya Hero, Ph: 9289922056, Ellenabad: Ajit Hero, Ph: 9289922505, Fatehabad: Shri Balaji Hero, Ph: 9289922057, Gharaunda: Laxmi Hero, Ph: 9289922433, Gohana: Krishna Hero, Ph: 9289923026, Hisar: Chaudhary Hero, Ph: 9289922049, Vikrant Hero, Ph: 9289923082, Jhajjar: Pushkar Hero, Ph: 9289923147, Jagadhari: Khanna Hero, Ph: 9289922050, Jind: National Hero, Ph: 9289922061, Kaithal: Chaudhary Hero, Ph: 9289922062, Karnal: Nirmal Hero, Ph: 9289922048, Kurukshetra: VPS Hero, Ph: 9289922988, Ladwa: Khanna Hero, Ph: 9289922063, Mandi Dabwali: Karan Hero, Ph: 9289922490, Nuh: Sunil Hero, Ph: 9289923087, Narnaul: Autodeals Hero, Ph: 9289922058, Narwana: Narwana Hero, Ph: 9289923101, Palwal: Dev Vaahan Hero, Ph: 9289922877, Panchkula: Regent Hero, Ph: 9289923161, Panipat: Kadian Hero, Ph: 9289923182, Sahib Hero, Ph: 9289922059, Pehowa: Saraswati Hero, Ph: 9289922393, Rewari: Virendra Hero, Ph: 9289922060, Rohtak: Shivam Hero, Ph: 9289922047, Sirsa: Khanna Hero, Ph: 9289923195, Sonepat: Sidak Hero, Ph: 9289922865, Yamuna Nagar: Rohit Hero, Ph: 9289922394, Faridabad: Sehgal Hero, Ph: 9289922419, Sehgal Hero, NIT, Ph: 9289207333, Gurgaon: Himgiri Hero, Ph: 9289923046, Autoneeds Hero, Ph: 9289922051, Jaasodha Hero, Ph: 9289922495, Sharma Hero, Basai Road Sector 11, Ph: 9289923221,